CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 8 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 24 जनवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st



# नेता हो या अधिकारी गलत काम करने वाले सब जाएंगे जेल : भजनलाल शर्मा



## बसंत पंचमी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने छात्रों को 1000 करोड रुपए का तोहफा दिया और कहा युवाओं को रोजगार देने वाला बनाएंगे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को बसंत पंचमी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों के लिए खुशियों का पिटारा खोल दिया जयपुर के राजस्थान विश्वविद्यालय कॉमर्स कॉलेज में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में उन्होंने छात्रों से सरस्वती वंदन सुना इसके अलावा 'युवा संवाद' और 'मेगा अभिभावक शिक्षक बैठक' जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में उन्होंने छात्रों और अभिभावकों से सीधा संवाद भी किया तथा छात्रों अभिभावक और शिक्षकों को आपस में समन्वय, सामंजस्य, निरंतर संवाद, और तालमेल बनाते हुए प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र को बुलंदियों पर ले जाने और छात्रों को एक श्रेष्ठ नागरिक बनाने की बात कही मुख्यमंत्री शर्मा ने छात्रों को भी अच्छा नैतिक आचरण बनाए रखना कठिन परिश्रम करने और परिवार समाज और देश के सर्वांगीण विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को कहा ।



### शिक्षा के क्षेत्र में 1000 करोड रुपए का निवेश

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए 1000 करोड रुपए से अधिक कई बड़ी सौगातें दी इसमें 3.34 लाख छात्रों को निशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया 4.40 लाख विद्यार्थियों को 53 करोड रुपए के ट्रांसपोर्ट वाउचर भी जारी किए गए इसके अलावा छात्र कल्याणकारी योजनाओं के तहत 3. 06 लाख छात्रों को करोड रुपए सीधे बैंक खातों में राशि का स्थानांतरण किए गए इस आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि मुख्यमंत्री की मौजूदगी में प्रदेश भर के लाखों विद्यार्थी एक साथ सामूहिक सरस्वती वंदना कर ज्ञान और विद्या का उत्सव मनाया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में युवाओं के लिए रोजगार नीति 2026 जारी की है जिसमें मार्च 2029 तक 15 लाख रोजगार के नए अवसर पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है इसके लिए ए आई आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म का निर्माण किया जाएगा सूक्ष्म उद्यम शुरू करने पर ब्याज मुक्त लोन की सुविधा दी जाएगी इसके अलावा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रोजगार अवसरों की उपलब्धता के लिए ऑनलाइन जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा।

### युवाओं के लिए सरकार ने कई नीतियां बनाई, प्रदेश के युवाओं को सरकार रोजगार लेने वाला नहीं बल्कि देने वाला बनाने जा रही है

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने छात्र-छात्राओं से कहा कि पिछले 2 साल में हमारी सरकार ने युवाओं के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं युवाओं के लिए युवा नीति रोजगार नीति स्वरोजगार नीति बनाई गई है युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने अलग से फंड स्थापित किया हुआ है सरकार एक तरफ सरकारी नौकरियों के माध्यम से युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध करवा रही है तो दूसरी तरफ निजी क्षेत्र में भी युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए जिला स्तर पर रोजगार मेले आयोजित करवाए जा रहे हैं जिसमें बड़ी संख्या में निजी क्षेत्र में भी युवाओं ने रोजगार हासिल किया है ।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम में राजस्थान के युवाओं के लिए रोजगार विजन प्रस्तुत किया जिसमें युवाओं को मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक लाख से अधिक सरकारी पदों पर नियुक्तियां देने की बड़ी घोषणा की इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 100000 सरकारी पदों का परीक्षा कैलेंडर भी जारी किया जिससे इन पदों पर भर्ती प्रक्रिया में तेजी और पारदर्शिता रखी जा ।

### पेपर लीक में गड़बड़ी करने वाले किसी को भी नहीं छोड़ेंगे चाहे कोई कितना ही बड़ा क्यों ना हो

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार में बड़े पैमाने पर सरकारी भर्ती परीक्षा में हुए पेपर लीक मामले में जोर देकर कहा कि पेपर लीक मामले में गड़बड़ी करने वाले एक भी व्यक्ति को बक्सा नहीं जाएगा चाहे कोई कितना ही बड़ा क्यों ना हो और चाहे कोई कितना ही अपना प्रभाव क्यों ना रखता हो उन्होंने कहा कि चाहे नेता हो या अधिकारी जो भी जांच में दोषी पाया जाएगा उसको अरेस्ट करेंगे उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार में पूरे 5 साल तक राजस्थान के युवा सड़कों पर आंदोलन करते रहे लेकिन पेपर लीक मामले में सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की उन्होंने कहा कि पूरे 5 साल तक राजस्थान का युवा खून के आंसू रोता रहा और बेरोजगारी की पीड़ा सहायता रहा उन्होंने कहा कि वे जानते हैं कि राजस्थान के युवा कितनी परेशानियों से कंपटीशन एग्जाम की तैयारी करते हैं परिजन कंपटीशन एग्जाम के लिए अपनी जमीन और आभूषण गिरवी रखते हैं ताकि उनके बच्चे पढ़ लिखकर अच्छी नौकरी लग जाए अच्छा जीवन जीए लेकिन उनके इस तपस्या पर पिछली सरकार ने पानी फेर और युवा पूरे 5 साल तक नौकरी के लिए भटकता रहा जिन्होंने मेहनत की उन्हें नौकरी नहीं मिली और जिन्होंने पैसा देकर पेपर खरीद उनकी नौकरी लग गई लेकिन इन सब मामलों की हम जांच करवा रहे हैं और एक-एक दोषी को सजा दिलवा कर रहेंगे ।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 27 जनवरी को भाजपा विधायक दल की बैठक लेंगे, बजट सत्र पर होगी चर्चा

## विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी 27 जनवरी को सर्वदलीय बैठक की करेंगे अध्यक्षता

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** आगामी 28 जनवरी से शुरू होने जा रहे राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 27 जनवरी को भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल की बैठक बुलाई है यह बैठक 27 जनवरी को शाम 4:30 बजे आयोजित की जाएगी बैठक में आगामी बजट सत्र के लिए आवश्यक रणनीति तैयार की जाएगी बजट सत्र को लेकर राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भी 27 जनवरी को राजस्थान विधानसभा में सर्व दलीय बैठक बुलाई है बजट सत्र की कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से संपादित हो और बजट सत्र में





राजस्थान की जनता से जुड़े मुद्दों पर सार्थक तरीके से चर्चा हो किसी भी तरह का प्रावधान और हंगामा नहीं हो ताकि प्रदेश की जनता में राजस्थान विधानसभा की कार्रवाई को लेकर अच्छा संदेश जाए इसी मकसद से राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सभी दलों के नेताओं को इस बैठक में आमंत्रित किया है जानकारी के अनुसार 28 जनवरी को बजट सत्र के पहले दिन की कार्रवाई समाप्त होने के बाद अगले दिनों की विधानसभा की कार्रवाई के लिए कार्य सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन होगा जिसमें विधानसभा के अगले दिनों के कार्यक्रमों की रूपरेखा निर्धारित की जाएगी जानकार लोगों का कहना है कि हमेशा ही विधानसभा का अध्यक्ष विधानसभा सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक का आयोजन भी करते हैं इस बैठक में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सभी नेता शांतिपूरक तरीके से विधानसभा की कार्रवाई संपूर्ण करवाने का भरोसा भी दिलाते हैं लेकिन जैसे ही विधानसभा की कार्रवाई शुरू होती है हंगामा नारेबाजी इत्यादि की वजह से विधानसभा की कार्रवाई ठीक तरह से संपादित ही नहीं हो पाती है इसलिए अब देखने वाली बात यह है कि 27 जनवरी को एक बार फिर से वासुदेव देवनानी ने बैठक तो बुलाई है लेकिन बैठक के बाद जब विधानसभा की कार्रवाई शुरू होगी तो क्या सर्व दिल्ली बैठक में विधानसभा अध्यक्ष को भरोसा दिलाने वाले नेता सदन शुरू होने के बाद अपने आचरण और व्यवहार को ठीक रख पाएंगे यह देखने वाली बात होगी क्योंकि राजस्थान विधानसभा के पिछले बजट सत्र में भी विपक्ष की ओर से कई मुद्दों को लेकर हंगामा नारेबाजी और सदन का बहिष्कार करने जैसे कदम उठाए जिसकी वजह से जनता से जुड़े मुद्दों पर राजस्थान विधानसभा में ठीक तरह से कभी भी सत्ता पक्ष के बीच बहस नहीं हो पाई अब देखने वाली बात यह है कि आगामी बजट सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष किस तरह से समन्वय और तालमेल बनाकर राजस्थान विधानसभा की कार्रवाई को संपादित करवाते हैं फिलहाल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आगामी बजट सत्र में सरकार की ओर से प्रस्तुत किए जाने वाले विभिन्न एक्ट को पास करवाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहे हैं इसके अलावा सत्ता पक्ष से जुड़े लोग यह भी जानते हैं कि आगामी बजट सत्र में भी कांग्रेस पार्टी के विधायकों का रवैया ठीक नहीं रहेगा क्योंकि कांग्रेस पार्टी वर्तमान में कई मुद्दों को लेकर सड़कों पर धरने प्रदर्शन और आंदोलन कर रही है इसलिए आगामी बजट सत्र में भी कांग्रेस पार्टी के विधायकों की ओर से विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को उठाने के लिए जोरदार रणनीति तैयार की है इसलिए विपक्ष के हमले का जोरदार तरीके से जवाब देने के लिए सत्ता पक्ष की ओर से भी आवश्यक रणनीति तैयार की जा रही है इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 27 जनवरी को भाजपा विधायक दल की बैठक का आयोजन कर रहे हैं ।

# सभी विभागों और लोगों से विकास कार्यों में पूछ कर बजट घोषणाएं की जाएगीतैयार, समावेशी होगा बजट : दिया कुमारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी ने बसंत पंचमी पर शुक्रवार को एक बार फिर जोर देकर कहा है कि सभी सरकारी विभागों के अधिकारियों और आमजन से क्षेत्रवार विकास कार्यों के बारे में जानकारी मांगी गई है और इन जानकारी के आधार पर ही प्राथमिकता के हिसाब से बजट में शामिल किया जाएगा प्रदेश के सभी क्षेत्रों का संतुलित और सामान विकास हो और सभी वर्ग के लोगों के कल्याण और हित को ध्यान में रखते हुए बजट तैयार किया जा रहा है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की ओर से अब तक जितने भी बजट प्रस्तुत किए गए हैं सभी बजट काफी अच्छे और ऐतिहासिक रहे और हमने बजट की घोषणाओं का क्रियान्वयन भी किया है आगामी बजट भी समावेशी और स्पर्शी होगा सभी को बहुत पसंद आएगा उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रदेश के नागौर के डीडवाना क्षेत्र में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि सभी विभागों के अधिकारियों को हमने प्रदेश के सभी क्षेत्रों में जरूरी विकास कार्य के बारे में पूछा है अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वह फील्ड में जाकर यह पता लगे कि उनके विभाग से जुड़ा यह कार्य इस क्षेत्र में बहुत जरूरी है इसके लिए अधिकारियों को स्थानीय लोगों से भी सलाह और राय लेने को कहा गया है क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सामाजिक संगठनों इत्यादि सभी से बजट घोषणाओं को लेकर विकास कार्यों के लिए सलाह ली जा रही है इसलिए क्षेत्रवार विकास कार्यों का संकलन करके उन्हें बजट में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा ताकि



लोगों को ज्यादा से ज्यादा राहत मिल सके उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि पिछले 2 साल में भजनलाल सरकार ने हर क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को योजनाओं का फायदा पहुंचाने के विजन पर कार्य कर रही है हमारी सरकार ने पानी बिजली सड़क शिक्षा पर्यटन,चिकित्सा खेती कृषक किसान युवा महिला मजदूर सभी के हितों को ध्यान में रखकर योजनाएं तैयार कर रही है और हम सिर्फ योजना या बजट की घोषणा ही नहीं करते बल्कि योजनाओं का सत प्रतिशत क्रियान्वयन भी करवाते हैं उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार सिर्फ बड़े-बड़े वादे करती थी और तुष्टिकरण की राजनीति के माध्यम से लोगों से वोट हासिल करने के लिए चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करती रही है लेकिन वादा करने के बाद उन्होंने कभी भी वादे को पूरा नहीं किया लेकिन हमारी सरकार जो भी वादा करती है उसको हम पूरा करते हैं दिया कुमारी ने कहा कि हमने भाजपा के संकल्प पत्र के वादों को पूरा किया है।

# सुप्रीम कोर्ट का बड़ाफैसला: केंद्रीय कर्मचारियों के खिलाफ एसीबी कर सकती है जांच, सीबीआई की अनुमति लेना जरूरी नहीं

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान एंटी करप्शन ब्यूरो को केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार के मामलों में अहम फैसला सुनाया सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय कर्मचारियों के खिलाफ एसीबी को जांच करने का अधिकार देते हुए दो विशेष अनुमति याचिकाएं खारिज कर दी साथ ही स्पष्ट किया कि इसके लिए सीबीआई की पूर्व अनुमति जरूरी नहीं है । 'अनिल दायमा और अन्य बनाम राजस्थान राज्य एवं अन्य 'मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी की याचिका प्रस्तुत करने वालों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक गोड उपस्थित हुए जबकि राजस्थान राज्य की ओर से




अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा ने पैरवी की जानकारी के अनुसार राजस्थान एंटी करप्शन ब्यूरो ने केंद्रीय कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले दर्ज किए थे कर्मचारियों ने एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकार क्षेत्र को चुनौती दी थी याचिका दायर करते हुए दलील दी गई की एंटी करप्शन ब्यूरो केंद्रीय कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने और जांच करने के लिए सक्षम नहीं है याचिका प्रस्तुत करने वालों का तर्क है कि एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा सीबीआई की पूर्व अनुमति या सहमति के बिना दायर किए गए आरोप पत्र विधिक रूप से अमान्य है राज्य एजेंसी द्वारा संघ सरकार के अधीन कार्यरत अधिकारियों के विरुद्ध की गई जांच अवैध है केवल सीबीआई को ही केंद्रीय सरकारी के कर्मचारियों की जांच करने का अधिकार है एंटी करप्शन ब्यूरो बिना सीबीआई की अनुमति के कोई कार्रवाई नहीं कर सकती और इस कारण पूरी जांच और आरोप पत्र कानून का कोई महत्व नहीं है इन सभी डालीनों को राजस्थान हाईकोर्ट ने 3 अक्टूबर 2025 को ही खारिज कर दिया था और एंटी करप्शन ब्यूरो की शक्तियों को कानून उचित बताया था इसके बाद याचिका प्रस्तुत करने वालों ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका प्रस्तुत की केस की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के सामने दो विधिक प्रश्न उठे पहला प्रश्न यह उठा की क्या किसी राज्य की एंटी करप्शन ब्यूरो को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केंद्रीय कर्मचारियों की जांच का अधिकार है वह भी तब जब अपराध राज्य की क्षेत्रीय सीमा के भीतर हुआ हो दूसरा क्या सीबीआई की स्वीकृति के बिना एसीबी द्वारा आरोप पत्र उचित हैं और क्या उनके आधार पर आपराधिक मुकदमा चलाया जा सकता है । इस संबंध में राजस्थान हाई कोर्ट के दृष्टिकोण की पुष्टि करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एसीबी को आपराधिक मामले दर्ज करने जांच करने और आरोप पत्र दाखिल करने का पूर्ण अधिकार है भले ही अभियुक्त केंद्रीय सरकार का कर्मचारी ही क्यों ना हो न्यायालय ने स्तर को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया कि ऐसे मामलों में केवल सीबीआई ही जांच कर सकती है अदालत में यह भी कहा कि यह दावा करना गलत है कि अभियोजन केवल सीबीआई द्वारा ही प्रारंभ किया जा सकता है या यह की एसीबी सीबीआई की अनुमति के बिना कार्रवाई नहीं कर सकती ।

CMYK

अलवर जयपुर टाइम्स



## हेल्प ऑल फाउंडेशन के सेवा के 500 दिन पूरे

### सरकारी अस्पताल हेतु निःशुल्क फूड वैन का शुभारंभ 25 जनवरी को

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मानव सेवा को समर्पित हेल्प आल फाउंडेशन ने अपने सेवा कार्यों के 500 दिन पूर्ण कर लिए हैं। इस अवसर पर संस्था द्वारा 25 जनवरी को एक नई जनहितकारी पहल की शुरुआत की जा रही है। संस्था की ओर से सरकारी अस्पताल के लिए निःशुल्क फूड वैन सेवा का शुभारंभ किया जाएगा। यह फूड वैन सरकारी अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ आने वाले उनके परिजनों, तीमारदारों एवं जरूरतमंद लोगों को प्रतिदिन निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराएगी। हेल्प आल फाउंडेशन पिछले 500 दिनों से लगातार सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध करा रही है और यह सेवा मानवता, करुणा एवं सेवा भावना के साथ निरंतर संचालित की जा रही है। संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि उनका उद्देश्य है कि इलाज के दौरान कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति भूखा न रहे। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह फूड वैन सेवा अस्पताल परिसर में बड़ी राहत साबित होगी। फूड वैन के शुभारंभ अवसर पर हेल्प ऑल फाउंडेशन के पदाधिकारी, समाजसेवी, स्वयंसेवक एवं शहर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।


## स्माईल योजना के तहत भिक्षावृत्ति में संलिप्त व्यक्तियों के पुनर्वास के सर्वे कार्य के लिए इच्छुक संस्था 5 दिवस में भेज सकते हैं प्रस्ताव बनाकर

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारत सरकार द्वारा संचालित स्माईल योजना के तहत भिक्षावृत्ति में संलिप्त व्यक्तियों के पुनर्वास के क्षेत्र में कार्य करने वाली इच्छुक संस्था आगामी 5 दिवस में अपना प्रस्ताव कार्यालय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में जमा करवा सकती है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित स्माईल योजना के क्रियान्वयन में भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों के पुनर्वास हेतु उनकी पहचान के लिए सर्वे करवाया जाकर उनको आश्रय, भोजन, वस्त्र, चिकित्सा सुविधा, परामर्श तथा शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना एवं इन्हें कौशल विकास कार्यक्रम, व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम इत्यादि से जोडने का प्रयास किया जाएगा। कार्यालय द्वारा इस सर्वे हेतु संस्था का चयन किया जाना है। अतः इस क्षेत्र में सर्वे कार्य करने वाली हेतु इच्छुक संस्था अपने प्रस्ताव बनाकर आगामी 5 दिवस में भवानी तोप स्थित मिनी सचिवालय के कमरा नंबर 243-245 में कार्यालय उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अलवर में जमा करवा सकती है। प्रारूप जिला कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं।

## ये है सच्ची सेवाः चर्म रोग से ग्रसित लंगूर का उपचार कर जान बचाई

जयपुर टाइम्स



**अलवर/पावटा।** किसी ने सही ही कहा कि मनुष्य को पृथ्वी पर बेजुबान जीवो की रक्षा करने के लिए भेजा है तो ये ग्राम भौनावास मे एक लंगूर चर्म रोग से ग्रसित होकर लहुलुहान हालत मे इधर उधर घूम रहा था लोग उससे डर रहे थे तभी ही लोगों ने लंगूर की पीडा पशुधन निरीक्षक गोविन्द भारद्वाज को बतायी सूचना मिलते ही भारद्वाज ने मौके पर पहुंचकर निर्डर होकर घायल लंगूर का उपचार किया। भारद्वाज ने बताया कि लंगूर के दोनो हाथो एवं पैरो की चमडी फट रही थी, जिसके रक्त बह रहा था, जिसकी ड्रेसिंग की जिससे लंगूर ने राहत की सांस ली। इनकी सेवा भावना हम सब को प्रेरणा देती है। भारद्वाज ने अब तक 100 से अधिक चर्म रोग से ग्रसित लंगूरो का उपचार कर उनका जीवन बचाया।

## जिले में युवा संवाद एवं मेगा पेटीएम कार्यक्रम का हुआ आयोजन



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा।** युवाओं को शिक्षा, रोजगार एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से बसंत पंचमी पर आयोजित युवा संवाद एवं मेगा पेटीएम कार्यक्रम का जिले में सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने बताया कि राज्य स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन जयपुर में किया गया, जिसका सीधा प्रसारण जिला कलेक्ट्रेट खैरथल-तिजारा में दोपहर 12 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथिगणों द्वारा सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया गया। जिला सचिवालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में जिले के छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लाइव प्रसारण के माध्यम से युवाओं ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम को देखा। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट एवं जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी ने प्रतीकात्मक रूप से छात्राओं को साइकिल वितरण कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी बालिका शिक्षा से वंचित न रहे तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों द्वारा युवाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं एवं सुझाव भी सुने गए तथा उन्हें भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से निरंतर मार्गदर्शन देने का आश्वासन दिया गया।

## नेताजी सुभाषचंद्र बोस को अर्पित की श्रद्धांजलि

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के सामने स्थित सुभाष पार्क में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में कॉमरेड जगदीश नाथ, मदनलाल बटेसर, नंदकिशोर कुमार, हीरालाल बुगालिया, तेजाराम मेघवाल, कमल बागड़ी, लालचंद प्रजापत, दिनेश स्वामी, प्रकाश बटेसर,डॉक्टर के सी विश्वास, प्रेम माली, कन्हैयालाल जाट, आरिफ अली आदि मौजूद रहे।

# जिला कलक्टर ने नगर निगम एवं यूआईटी के अवसंरचनागत कार्यों एवं बजट घोषणाओं में प्रगति की समीक्षा की

### स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए निर्धारित पैरामीटर्स पर विशेष फोकस कर गैप पूर्ति के लिए करें साझा प्रयास- जिला कलक्टर



**अलवर(निंस.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में बैठक लेकर नगर निगम एवं यूआईटी के विकास कार्यो, बजट घोषणाओं एवं एनकैप कार्यों में प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने नगर निगम एवं यूआईटी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों एवं बजट घोषणाओं के कार्यों का क्रियान्वयन गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करावे। उन्होंने कृषि उपज मंडी के पीछे निर्मित फूड स्ट्रीट का लॉटरी के माध्यम से अलोटमेंट कर 15 फरवरी तक संचालन कराने एवं रेलवे स्टेशन फूड स्ट्रीट कार्य को गति देकर 31 मार्च तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को अमृत 2.0 के तहत सीवरेज निर्माण कार्य, नाला निर्माण कार्यों तथा तांगा स्टैण्ड, राजकीय महिला चिकित्सालय सहित अन्य जगह निर्माणाधीन शौचालय कार्यों की बिंदुवार समीक्षा कर इन्हें समयबद्धता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने एनकैप के तहत वायु स्वच्छता के उद्देश्य से प्रगतिरत कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने तथा शेष को आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर यथाशीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को अग्यारा स्थित सीएनडी वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट, लीगेसी वेस्ट प्लांट सहित मैकेनाइज्ड ट्रांसफर स्टेशन को यथाशीघ्र सुचारू कराने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने ई-बस सेवा के लिए आवश्यक कार्यों की समीक्षा कर चार्जिंग अवसंरचनाओं सहित अन्य आवश्यक कार्यों को यथासमय पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि स्वच्छ भारत मिशन शहरी के तहत स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए निर्धारित पैरामीटर्स पर विशेष फोकस कर रैंकिंग सुधार के लिए प्रयास करें। उन्होंने रैंकिंग के पैरामीटर्स जिसमें गारबेज वल्नरेबल पॉइंट की संख्या में कमी, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की स्थापना, आमजन के फीडबैक पर रिस्पॉन्स इत्यादि बिन्दुओं पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने यूआईटी सचिव से प्रगतिरत कार्यों की वस्तु स्थिति की जानकारी लेकर निर्देश दिए कि आमजन की सुविधाओं से जुड़े कार्य यथा सड़क व नाला निर्माण सहित आधारभूत अवसंरचनागत कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने हनुमान सर्किल के आसपास क्षेत्र में पानी भराव की समस्या के समाधान के लिए 6 वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर निर्माण कार्य, बहरोड रोड डिवाइडर एवं लाइटिंग कार्य, नाला निर्माण कार्य, साइकिल ट्रैक, स्ट्रीट लाइट, अलवर दर्शन पार्क, डिसएबिलिटी पार्क, सागर जलाशय उन्नयन कार्य, एथलेटिक ट्रैक निर्माण कार्य एवं स्मार्ट लाइट कार्यों का फीडबैक लेकर निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने मोती डूंगरी चिल्ड्रन पार्क उन्नयन कार्य को फरवरी माह तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय टाइगर मैराथन के रूट पर सौन्दर्यकरण एवं साफ-सफाई के कार्यों को समयबद्ध रूप में पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने आगामी तीन माह में जन सहयोग से पार्कों के सौन्दर्यकरण एवं साफ-सफाई कार्य कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने शहर के ड्रेनेज एवं सीवरेज सिस्टम मैपिंग सर्वे, ट्रैफिक सर्वे इत्यादि पर फीडबैक लेकर कार्यों को गति देने के निर्देश दिये। बैठक में यूआईटी सचिव धीग्दे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका सहित संबंधित अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

## विधायक डॉ. यादव ने जनसुनवाई में जनता से किया सीधा संवाद

### जनसुनवाई कार्यक्रम में समस्याओं का मौके पर समाधान

जयपुर टाइम्स



**बहरोड़(निसं.)।** विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव ने बहरोड़ स्थित विधायक कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन कर क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित नागरिकों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई कार्यक्रम में बहरोड़ क्षेत्र के दूर-दराज के इलाकों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। समस्याओं के समाधान को लेकर विधायक की सक्रिय कार्यशैली के चलते जनसुनवाई में लोगों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव ने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई के दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पेयजल आपूर्ति एवं स्थानीय विकास से जुड़े प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक ने संबंधित सरकारी विभागों को आवश्यक निर्देश देते हुए आमजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी, ताकि अधिक से अधिक लोग योजनाओं का लाभ उठा सकें। जनसुनवाई में उपस्थित नागरिकों ने विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव की तत्परता और सक्रिय नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि विधायक कार्यालय में नियमित जनसुनवाई से समस्याओं का शीघ्र समाधान हो रहा है, जिससे जनता और जनप्रतिनिधि के बीच विश्वास एवं पारदर्शिता सुदृढ़ हुई है। इस अवसर पर अश्वनी टाइगर मंडल अध्यक्ष माजरी, शिवचरण गुरुजी, रामनरेश जिला पार्षद, रामोतार यादव सहित पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## रेडक्रास सोसायटी के सचिव डॉ.रुपसिंह गुर्जर को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** कोटा में श्रीराम धर्मार्थ सेवा समिति की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रक्तदान व फर्स्ट ऐड प्रशिक्षण, सामजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, अलवर रेडक्रास सोसायटी के सचिव डॉ रुपसिंह गुर्जर को सम्मानित किया। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर के चेयरमैन डॉ. एस.सी.मित्तल ने बधाई देते हुए कहाँ कि ये अलवर शाखा के लिए बहुत गौरान्वित करने वाला विषय है कि अलवर शाखा के सचिव डॉ. रुपसिंह लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा सम्मानित हुए है । डॉ. रूप सिंह रक्तदान अभियान के पुरोधा है, स्वयं भी 54 बार स्वेच्छिक रक्तदान कर चुके हैं एवं रेडक्रास व विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से, भिवाड़ी जैसे छोटे नगर में प्रतिवर्ष लगभग 5000 रक्तदान युनिट संग्रह करने के निमित्त बनते हैं। ओम बिरला ने डॉ रुपसिंह को शाल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट करके उनका सम्मान किया, कोटा श्रीराम धर्मार्थ समीति के अध्यक्ष डॉ सुधीर उपाध्याय ने डॉ रुपसिंह के अखिल भारतीय स्तर पर मेडीकल सेवा का सम्मान पत्र पढ़ा। इस अवसर पर मेडीकल कॉलेज कोटा की प्राचार्य डॉ संगीता , कोटा विकास न्यास की अध्यक्ष तिवारी, आई एम ए कोटा के अध्यक्ष डॉ कृष्ण श्रृंगी, सचिव डॉ मनीष बोहरा, डॉ बी एल गोचर, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ अशोक शारदा भी उपस्थित रहें। कोटा श्रीराम धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा लोकसभा अध्यक्ष को दवाओं से तोला गया ये सभी दवा सहयोगी चिकित्सकों द्वारा संग्रहित कर गरीब सहायतार्थ काम आयेंगी। इस अवसर पर निःशुल्क सीता रसोई का उद्घाटन बिरला द्वारा किया गया ताकि कोई भी भूखा ना सोये।

## सशस्त्र सीमा बल के रिक्रूट प्रशिक्षण केंद्र में भव्य दीक्षांत परेड का हुआ आयोजन



### जवानों ने परेड के माध्यम से ड्रिल, अनुशासन और गरिमा का किया प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** सशस्त्र सीमा बल की महानिरीक्षक पारुल कुश जैन के मुख्य आतिथ्य एवं सशस्त्र सीमा बल अलवर रिक्रूट प्रशिक्षण केंद्र के उप महानिरीक्षक संजीव यादव के नेतृत्व में दसवें एवं ग्यारहवें बैच (बी.आर.टी.सी.) की भव्य दीक्षांत परेड का आयोजन हुआ। सशस्त्र सीमा बल अलवर रिक्रूट प्रशिक्षण केंद्र के उप महानिरीक्षक संजीव यादव ने कहा कि यह दीक्षांत परेड नव आरक्षियों के कठोर एवं अनुशासित प्रशिक्षण की सफल पूर्णता का प्रतीक है, जिसके साथ वे सशस्त्र सीमा बल की गौरवशाली परंपराओं, मूल्यों एवं राष्ट्र सेवा के दायित्वों के निर्वहन हेतु औपचारिक रूप से बल का अभिन्न अंग बने। इस अवसर पर भव्य बैंड प्रदर्शन, योग प्रदर्शन, टैटू ड्रिल तथा सैन्य कौशल को दर्शाते हुए साहसिक एवं अनुशासित प्रदर्शन भी प्रस्तुत किए गए। इन आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा नव आरक्षियों की शारीरिक दक्षता, मानसिक संतुलन, अनुशासन एवं युद्धक कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। दीक्षांत परेड की कमान नव आरक्षी शिवानी भट्ट द्वारा संभाली गई। इस परेड में कुल 365 नव आरक्षियों, जिनमें 34 महिला नव आरक्षियों ने अनुकरणीय अनुशासन, आत्मविश्वास एवं कर्तव्यनिष्ठा का प्रभावशाली परिचय दिया। परेड के उपरांत राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय गांधीनगर द्वारा नव आरक्षियों को प्रशिक्षण पूर्णता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए, जो उनके प्रशिक्षण को शैक्षणिक मान्यता एवं संस्थागत मानक प्रदान करते हैं। इस अवसर पर आईटीबीपी रामगढ़ के उप महानिरीक्षक संजय कुमार कोठारी, आर्मी कैंप इटाराना से लेफ्टिनेंट कर्नल गुरप्रीत कौर गिल, अलवर, भारतीय डाक विभाग के वरिष्ठ अधीक्षक जब्बार, कमांडेंट (वेटनरी) डॉ. देबाशीष त्रिपाठी, सीआईएसएफ बहरोड के सहायक कमाण्डेंट एस.के. शर्मा, राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) गांधीनगर से वर्षा राठौड़, लघु उद्योग भारती से शिवानी यादव सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे।

## बसंत पंचमी पर पीले रंगों से सजा अलवर के बाबा श्याम का दरबार, भक्तों को किये पितांबरी वस्त्र वितरण



**अलवर।** शहर में बसंत पंचमी का पावन पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस खास मौके पर महल चौक स्थित प्राचीन शिव श्याम मंदिर में अलवर नरेश बाबा श्याम का पीताम्बरी वस्त्रों और पीले फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया। बाबा की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं का सुबह से तांता लगा रहा। श्याम सांवरा मित्र मंडल समिति के सदस्यों ने बताया कि बसंत पंचमी के पावन पर्व पर परंपरा के अनुसार बाबा श्याम अलवर नरेश का पंचामृत से विधिवत स्नान कराकर उनका अधोवस्त्र बदला गया। उसके बाद आरती कर बाबा श्याम के पीले वस्त्र (पीताम्बरी) श्रद्धालुओं में वितरण की गई। उन्होंने बताया कि यह परंपरा वर्ष में केवल एक बार बसंत पंचमी के दिन ही निभाई जाती है, जो काफी समय से चली आ रही है। उन्होंने बताया कि पीला रंग बसंत ऋतु और ज्ञान की देवी मां सरस्वती का प्रतीक माना ही जाता है, साथ ही साथ यह सकारात्मक व धन धान्य का प्रतीक भी माना जाता है। इसी कारण इस दिन बाबा श्याम को पीले फूलों व वस्त्रों से सजाया जाता है। इस दौरान श्याम साँवरा मित्र मंडल समिति के मोहित शर्मा, हिमांशु शर्मा, विजय शर्मा, अतुल भार्गव, विपिन सेतिया, गर्वित शर्मा, अक्षित गोयल, विकास गुप्ता सहित अन्य मंडल के सदस्य मौजूद रहे।

# होप सर्कस से पुलिस कंट्रोल रूम तक 'संत सुंदरदास मार्ग' के नामकरण की पट्टिका का हुआ विधिवत शिलान्यास

### बड़ी संख्या में समाज के गणमान्यजनों ने लिया भाग

जयपुर टाइम्स






**अलवर(निसं.)।** खंडेलवाल सेवा समिति परिवार एवं अलवर खंडेलवाल समाज के संयुक्त तत्वावधान में होप सर्कस से पुलिस कंट्रोल रूम तक 'संत सुंदरदास मार्ग' के नामकरण की पट्टिका का विधिवत शिलान्यास समारोह अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश चंद्र गुप्ता 'तुंगा वाले', राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय खंडेलवाल महासभा, जयपुर रहे। डॉ. के.के. गुप्ता, विभाग संचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ओर अतिविशिष्ट अतिथि संजीव कुमार कट्टा, मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष, खंडेलवाल महासभा, जयपुर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि नरेंद्र जसोरिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभाष घीया ने की। स्वागत अध्यक्ष ऋषिकांत गुप्ता एवं रामचरण गुप्ता (जैतपुर वाले) रहे। मंच संचालन दिनेश गुप्ता एवं प्रेम खंडेलवाल ने किया। कार्यक्रम के दौरान संत शिरोमणि संत सुंदरदास जी महाराज के जीवन, उनके विचारों तथा समाज के उत्थान हेतु दिए गए योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों को खंडेलवाल धर्मशाला से पुलिस कंट्रोल रूम के सामने स्थित मार्ग नामकरण पट्टिका स्थल तक ले जाकर विधिवत शिलान्यास संपन्न कराया गया। इस भव्य आयोजन में बड़ी संख्या में खंडेलवाल समाजबंधुओं सहित मातृशक्ति भी सम्मिलित रही। सभी मुख्य अतिथियों का पारंपरिक मनचासी पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के पश्चात खंडेलवाल धर्मशाला में सभी ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। आयोजन के दौरान पाँच लकी ड्रा कूपन निकाले गए तथा उपस्थित प्रत्येक खंडेलवाल परिवार को संत सुंदरदास जी की तस्वीर भेंट स्वरूप प्रदान की गई। कार्यक्रम में खंडेलवाल सेवा समिति, खंडेलवाल सेवा मंडल, खंडेलवाल महिला सेवा समिति, खंडेलवाल महिला संस्थान, खंडेलवाल शिक्षा समिति सहित समस्त अलवर के खंडेलवाल समाजबंधुओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। खंडेलवाल सेवा समिति परिवार, अलवर खंडेलवाल समाज के प्रत्येक परिवार के सहयोग, उपस्थिति एवं समर्पण के लिए हृदय से आभार एवं अभिनंदन प्रकट करता है।

## गेमिंग जोन में भीषण आग, घटना के समय मौजूद तीन बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** लेक सिटी उदयपुर के नवरत्न इलाके में शुक्रवार को गेमिंग जोन में अज्ञात कारण की वजह से भीषण आग लग गई जिसकी वजह से इलाके में रहने वाले लोगों में खलबली मच गई सूचना मिलने के बाद नगर निगम पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मौके पर दमकल की गाड़ियां बुलाकर आग बुझाने के युद्ध स्तर पर प्रयास शुरू किए गए घटना के समय गेमिंग जोन में तीन-चार बच्चे थे जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है लेकिन अगर यह आगजनी रात के समय होती तो यहां पर बड़े पैमाने पर नुकसान हो सकता था क्योंकि कर किलोमीटर दूर से ही आग की लपटे साफ दिखाई दे रही थी जो यह बता रही थी कि आग कितनी विकराल थी खबर लिखे जाने तक आज के कारण का पता नहीं चल पाया लेकिन यह गेमिंग जोन उदयपुर के नवरत्न इलाके में मौजूद है और यह नवरत्न इलाका आवासीय इलाका है और यहां पर बड़ी संख्या में लोग रहते हैं इसलिए गेमिंग जोन में लगी विकराल आग के बाद आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों के चेहरों पर भी चिंता की लकीर साफ देखी गई लेकिन मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया जिसकी वजह से आग की लपटें आसपास के मकान को अपनी आगोश में नहीं ले सकी।

## विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 2.70 लाख रुपए हड़पे, पुलिस जांच शुरू

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजधानी जयपुर के संजय सर्किल थाना इलाके में आरोपी युवक ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर एक युवक से 270000 रुपए हड़प लिए पुलिस ने पीड़ित के बयानों के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है द्य पुलिस रिपोर्ट में पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि आरोपी मारूफ है जिसने विदेश में नौकरी दिलाने की बात कह कर उससे 270000 रुपए हड़प लिए पीड़ित ने पुलिस रिपोर्ट में बताया कि आरोपी ने यह कहकर कि वह विदेश में कई बेरोजगारों को अच्छे वेतन पर रोजगार उपलब्ध करवा चुका है इसलिए उसको भी विदेश में अच्छे वेतन पर रोजगार उपलब्ध करवा देगा लेकिन इसके लिए कागजी कार्रवाई और अन्य प्रक्रिया को संपादित करने के लिए पैसों की जरूरत पड़ेगी और पैसे खर्च करने पड़ेंगे यह कहकर उसने पीड़ित से पैसे लिए लेकिन पैसे लेने के बाद ना तो वह पैसे वापस लौट रहा है और ना ही उसकी नौकरी लगवाई द्य पुलिस अब मारूफ के नाम पते मालूम कर रही है और इस मामले की तत्परता से जांच पड़ताल शुरू की है।

## गाय का शिकार करने की नीयत से विस्फोटक से गाय की हत्या करने का प्रयास, घायल गाय को गौशाला पहुंचाया गया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश की भजनलाल सरकार प्रदेश में गो हत्या को रोकने और गोवंश के संरक्षण के लिए विशेष प्रयास भी कर रही है कड़े कानून भी बनाए हैं लेकिन इसके बावजूद भी प्रदेश में गोवध के लिए गो तस्कर नए-नए कदम उठा रहे हैं जिसकी वजह से गोवंश का जीवन खतरे में पड़ गया है इसी तरह का एक मामला जैसलमेर के रामगढ़ में राजीव गांधी नगर में देखने को मिला है जहां पर विस्फोट के माध्यम से गाय की हत्या करने का प्रयास किया गया इस विस्फोट को जानबूझकर छुपा कर रखा गया था ताकि जैसे ही गाय के स्पर्श से मौके पर विस्फोट हो जाए इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश छाया हुआ है और इस पूरे मामले के बारे में संबंधित पुलिस स्टेशन को जानकारी दे दी गई है तथा घायल गाय को उपचार के लिए तुलसी गौशाला में भर्ती करवाया गया है स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मामले में पुलिस को गहनता से जांच करनी होगी और दोषी लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवानी होगी स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर पुलिस ने इस मामले में जल्दी से जल्दी दोषी लोगों को अरेस्ट नहीं किया गया तो स्थानीय लोग आंदोलन करने के लिए मजबूर हो ।

## क्रिकेटर यश दयाल को दुष्कर के मामले में कोर्ट से अंतरिम राहत मिली, जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** क्रिकेटर यश दयाल को नाबालिक से दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तारी से हाईकोर्ट से अंतरिम राहत मिली है लेकिन क्रिकेटर को पुलिस की जांच में सहयोग करने का निर्देश भी दिया है । उल्लेखनीय है कि नाबालिक की ओर से जयपुर में क्रिकेटर यश दयाल के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया गया था वर्ष 2024 में पीड़िता ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि आरोपी यस दयाल ने जयपुर में रेलवे स्टेशन के पास एक होटल में बुलाया और शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डाला आरोपी यश दयाल ने नाबालिक को अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप और प्रीमियम लीग खिलाने का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए इससे पहले भी पीड़िता ने कहा था कि वर्ष 2023 में यश दयाल ने कानपुर में एक होटल में बुलाया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए इस मामले में आरोपी यस दयाल ने पाक्सो अदालत में अग्रिम जमानत की अर्जी लगाई थी लेकिन उसकी जमानत अर्जी को खारिज कर दिया गया था इसके बाद यस दयाल ने हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका प्रस्तुत की जिस पर हाईकोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान यश दयाल की गिरफ्तारी पर फिलहाल रोक लगा दी है और अग्रिम जमानत के आदेश जारी किए हैं ।

## नकली घी की फैक्ट्री का पर्दाफाश, बड़े ब्रांड के रेफर लगाकर कर रहे थे मिलावट खोरी

### तीन जनों को कियागिरफ्तार, मौके पर कार से 1 किलो अफीम का दूध भी किया बरामद

जयपुर टाइम्स


**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में सूर्य नगरी जोधपुर में मिलावट खोरी करने वाले लोगों के हौसले बुलंद हैं अफीम तस्करी का धंधा भी चरम सीमा पर पहुंच गया है पुलिस ने शुक्रवार को जोधपुर के कुड़ी वक्तासिनी इलाके के सेक्टर 9 में एक नकली घी की फैक्ट्री को पकड़ा है इस फैक्ट्री से 120 टीन नकली घी के बरामद किए गए हैं इसके अलावा मौके पर सरस प्राईड कृष्ण जैसे बड़े ब्रांड के खाली पैकेट यंत्र उपकरण बरामद किए गए हैं बरामद किया गया नकली की करीब 35 लाख रुपए कीमत का बताया गया है इस मामले में फैक्ट्री के तीन लोगों को अरेस्ट किया गया है गिरफ्तार अभियुक्त मोहनलाल ब्राह्मण रविराज और कैलाश है फैक्ट्री के बाहर खड़ी कार मैं भी 1 किलो अफीम का दूध बरामद किया गया है इस तरह से जोधपुर पुलिस की एक बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है और यह फैक्ट्री कई सालों से संचालित हो रही थी गिरफ्तार अभियुक्तों से हुई प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि अफीम के अवैध कारोबार में तथा नकली घी के कारोबार में मंडी के कई कारोबारी के नाम भी सामने आए हैं जिनके बारे में पुलिस आवश्यक जांच पड़ताल कर रही है जानकारी के अनुसार इस मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी अब यह जांच पड़ताल कर रहे हैं कि अभी हाल ही में यहां से कहां-कहां नकली भी भेजा गया है उन सब के बारे में नाम पते मालूम किया जा रहे हैं पुलिस का कहना है कि जहां-जहां यहां से नकली घी की सप्लाई की जाती है वहां जाकर भी जांच पड़ताल की जाएगी उन्होंने कहा कि मामला काफी सीरियस है और पुलिस इस पूरे मामले की तरह तक जाना चाहती ।

# रोड़वेज बस स्टेण्ड और सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में खुलेंगे सरस आउटलेट्स

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अग्रणी राजस्थान के स्लोगन लोकल फॉर वोकल के संकल्प को पूरा कर रहा आरसीडीएफ

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन और इससे जुड़े जिला दुग्ध संघ इन दिनों लोकल फॉर लोकल के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने में गम्भीरता से जुटे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन आपणों अग्रणी राजस्थान के तहत राज्यभर के सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालय परिसरों, शैक्षणिक और चिकित्सा संस्थानों में सरस के आउटलेट्स खोले जा रहे हैं। जयपुर में जवाहर लाल नेहरु मार्ग स्थित सरस पार्लर, सचिवालय और आरटीडीसी के नाहरगढ़ स्थित पड़ाव रेस्टोरेंट पर सफल प्रयोग के बाद आरसीडीएफ इस योजना के विस्तार पर गम्भीरता से काम कर रहा है। इन स्थानों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्तायुक्त सरस दूध एवं दूध से बने उत्पाद उचित मूल्य पर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। आरसीडीएफ की प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि आरसीडीएफ की राज्य के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालय परिसर में सरस आउटलेटस खोलने की योजना है। आरसीडीएफ द्वारा एसएमएस हॉस्पीटल और राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के साथ एमओयू किया जा चुका है और बहुत जल्दी कुछ अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों से भी एमओयू किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह योजना वोकल फॉर लोकल के संकल्प को धरातल पर उतारने का सशक्त उदाहरण है जो स्थानीय उत्पादन, स्थानीय रोजगार और स्थानीय उपभोग के माध्यम से राज्य की सहकारी डेयरी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएगी। पशुपालन एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि आरसीडीएफ की इस पहल से एक ओर जहा स्थानीय उत्पादों के उपभोग को प्रोत्साहन मिलेगा वहीं दूसरी ओर दुग्ध सहकारिता से जुड़े पशुपालकों को स्थाई बाजार मिलेगा जो कि उनकी आर्थिक स्थिति और आत्मनिर्भर राजस्थान की दिशा एक बड़ा कदम है। साथ ही, शहरी क्षेत्रों में उचित दामों पर गुणवत्तायुक्त डेयरी उत्पादों की सुलभता बढ़ने से उपभोक्ताओं का विश्वास भी बढ़ेगा। इस योजना के अन्तर्गत अभी तक जवाहर लाल नेहरु मार्ग स्थित सरस पार्लर, सचिवालय और जयपुर के नाहरगढ़ स्थित पड़ाव रेस्टोरेंट में सरस पार्लर खोले जा चुके हैं और सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। इससे सरस उत्पादों की पहुँच सभी वर्गों तक सुनिश्चित हो रही है। मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि आरसीडीएफ ने राजस्थान के मुख्य सरकारी अस्पताल एसएमएस और राजस्थान पथ परिवहन निगम के साथ एमओयू किया है। इस एमओयू के अन्तर्गत अस्पताल परिसर में सरस प्लाजा खोला जायेगा जहां मरीजों, उनके परिजनों, चिकित्सा कर्मियों और हॉस्पीटल स्टाफ को पौष्टिक एवं सुरक्षित दुग्ध उत्पादों के साथ-साथ खाने-पीने का अन्य आवश्यक सामान भी उपलब्ध होगा। इसी प्रकार राज्य के प्रमुख बस स्टेण्ड और परिवहन केन्द्रों पर भी सरस आउटलेटस खोले जायेंगे जहां यात्रियों को दूध एवं दूध से बने ताजा उत्पाद आसानी से वाजिब कीमत पर उपलब्ध होंगे। आरसीडीएफ राज्यभर की निजी एवं सरकारी यूनिवर्सिटीज और अन्य शैक्षणिक संस्थानों से भी एमओयू करेगा ताकि छात्रों को उनके कैम्पस के अन्दर ही स्वास्थ्यवर्धक डेयरी उत्पाद उपलब्ध कराये जा सकें।

## शुक्रवार को चांदी 11 000 और सोना 4000 हुआ महंगा, चांदी 3 लाख 29 हजार रुपए प्रति किलो

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर के सराफा बाजार में शुक्रवार को एक बार फिर से चांदी के भाव में 11000 रुपए प्रति किलो में बढ़ोतरी दर्ज की गई इसके अलावा सोने के भाव में भी4000 प्रति 10 ग्राम में बढ़ोतरी हुई है इस तरह से सोने और चांदी की कीमतों में शुक्रवार को हुई बढ़ोतरी से शुक्रवार को जयपुर सराफा बाजार में चांदी की कीमत 3,29000 रुपए निर्धारित थी तो शुद्ध सोना 160000 रुपए प्रति 10 ग्राम और जेवराती सोना 149000 रुपए प्रति 10 ग्राम निर्धारित थे जानकारी के अनुसार शुक्रवार को बसंत पंचमी के पर्व पर प्रदेश में बड़ी संख्या में शादियां हुई है इसलिए प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में भी बड़ी संख्या में शुक्रवार को बसंत पंचमी के पर्व पर विवाह जोड़े शादी के बंधन में बंधे हैं इसलिए शुक्रवार को चांदी और सोने के भाव में बढ़ोतरी होना स्वाभाविक था हालांकि सोने चांदी कारोबार से जुड़े लोगों का कहना है कि आने वाले समय में भी अलग-अलग तिथियां पर बड़ी संख्या में शादियां होने वाली हैं इसलिए सोने और चांदी की कीमतों में ज्यादा राहत मिलने वाली नहीं है हालांकि हकीकत यह भी है कि लोग इस समय मजबूरी में ही सोने और चांदी खरीद रहे हैं क्योंकि अमीर हो चाहे गरीब हर व्यक्ति शादी में थोड़े बहुत आभूषण जरूर खरीदने मार्केट में आता है लेकिन वह अपने पूर्व निर्धारित बजट के अनुसार ही सोने और चांदी की खरीदारी कर रहा है इसलिए सोने चांदी का कारोबार प्रभावित जरूर हो रहा है क्योंकि पहले छोटी-छोटी खुशी के मौके पर लोग चांदी के सिक्के इत्यादि गिफ्ट में दिया करते थे लेकिन अब लोगों ने गिफ्ट में चांदी के इस तरह के गिफ्ट देना बहुत कम कर दिया है क्योंकि चांदी के दाम आसमान छू रहे हैं।

## चित्रकला कार्यशाला का उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक कर लोकतंत्र को मजबूत करना : कलेक्टर डॉ जितेंद्र सोनी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान व राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में चित्रकला कार्यशाला का आयोजन जवाहर कला केन्द्र की चतुर्दिक कला दीर्घा में शुक्रवार को किया गया। इस चित्रकला कार्यशाला का उद्घाटन जयपुर जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चित्रकला कार्यषाला आयोजित करने का मकसद मतदाताओं को जागरूक कर लोकतंत्र को मजबूत करना हैं। राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट, जयपुर के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार खण्डेलवाल ने बताया कि प्रत्येक राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर यह चित्रकला कार्यशाला राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा महाविद्यालय के सहयोग से प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। इस प्रतियोगिता में इस वर्ष राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्राफ्ट एंड डिजाइन के 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों ने निर्वाचन विभाग की ओर से दी गयी थीम विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर आधारित चित्र बनाए। इस कार्यशाला के संयोजक पंकज यादव, सहायक आचार्य ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ 10 कृतियों को माननीय जिला मजिस्ट्रेट की ओर से पुरस्कृत किया गया। सभी चित्र 25 जनवरी को 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर, जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रदर्शित किए जाएंगे, जिसका उद्घाटन व अवलोकन राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की ओर से किया जाएगा। इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी की तरफ से नियुक्त नोडल अधिकारी संघमित्रा बरडिया, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी, बगरू व सहायक नोडल अधिकारी बजरंग लाल स्वामी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी, आमेर भी उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## संसदीय कार्य मंत्री ने जोधपुर के धांधिया में ग्राम उत्थान शिविर का किया अवलोकन राज्य सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए कर रही है अनवरत काम - पटेल

जयपुर टाइम्स



**जयपुर** संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने शुक्रवार को जोधपुर की लूणी पंचायत समिति के धांधिया ग्राम पंचायत मुख्यालय पर 'ग्राम उत्थान शिविर 2026' का अवलोकन किया। उन्होंने 9 लाख रूपये के विकास कार्यों का विधिवत लोकार्पण भी किया। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के संवेदनशील नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए अनवरत कार्य कर रही है। आमजन तक राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 23 जनवरी से प्रदेश भर में 'ग्राम उत्थान शिविर' शुरू किए गए हैं। पटेल ने कहा कि इन शिविरों में तारबंदी, डिग्गी, पाइप लाइन, फार्म पौंड, फव्वारा एवं ड्रिप, प्लास्टिक मल्च, सौर पंप जैसी कल्याणकारी योजनाओं में मौके पर ही स्वीकृतियां दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के तहत मिले आवेदनों का निस्तारण भी किया जा रहा है। इन शिविरों में सोलर पंप, किसान क्रेडिट कार्ड, नए कस्टम हायरिंग सेंटर के लिए आवेदन, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत पशुओं का पंजीकरण, पशु टीकाकरण भी किया जा रहा है। विधि मंत्री ने कहा प्राथमिक डेयरी सहकारी समिति और डेयरी सहकारी समितियों का पंजीकरण, स्वामित्व कार्ड का वितरण, नहरों एवं खालों की मरम्मत, पीएम सूर्य घर योजना के तहत पंजीकरण, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के तहत जल संरक्षण सहित विभिन्न कार्य इन शिविरों में संपादित किए जा रहे हैं। पटेल ने कहा कि 22 जनवरी को मुख्यमंत्रीजी ने 65 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की पांचवीं किस्त के रूप में 653 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा करवाई है। फसल खराबे पर 5 लाख किसानों को 327 करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा भी दिया गया है। मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत 4 लाख पशुपालकों के खातों में 50 करोड़ की राशि भी जमा की गई। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा वीबी - जी राम जी योजना विकसित भारत@2047 के दीर्घकालिक विजन के अनुरूप है। अब 100 के स्थान 125 दिन के रोजगार की गारंटी है।

## नामदेव जयंती बसंत पंचमी महोत्सव मनाया

जयपुर टाइम्स



**बिजौलियां(निस)।** संत शिरोमणि श्री नामदेव महाराज का ज्ञानोदय दिवस बसंत पंचमी महोत्सव मनाया गया। अध्यक्ष अनिल टेलर ने बताया कि नामदेव दर्जी छीपा समाज ने स्नेह मिलन समारोह का आयोजन भी किया। नामदेव महाराज के चित्र की पूजा अर्चना कर महिलाओं ने कीर्तन किया।प्रभाकर टैलर ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। वरिष्ठ जनो ने संत नामदेव महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। अखिल भारतीय नामदेव टांक क्षत्रिय, महासभा राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष अभिषेक सर्वा, विशिष्टअतिथि थाना अधिकारी स्वागत पांडे, ओम टेलर, कन्हैयालाल, सत्यनारायण, बबलू, प्रेमकुमार ,बाबू लाल , दुर्गा लाल, सुनील बाकलीवाल, मुकेश नामा, नंदकिशोर, प्रकाश, प्रहलाद, मुकेश, जय नारायण, राहुल सहित दर्जी छीपा समाज के लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस शासन में पेपरलीक माफिया पनपा, लाखो युवाओं के साथ कांग्रेस ने किया धोखाः गोपीचंद मीणा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** भाजपा प्रदेश एसटी मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष गोपीचंद मीणा नई जिम्मेदारी निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार है और उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जनजाति मोर्चा को गतिशील बनाने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने कहा कि सभी कार्यकर्ता केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाएं। जो समाज को तोडकर अपनी राजनीतिक रोटिया सेकना चाहते हैं उन्हें बेनकाब करना चाहिए, जो समाज की चिंता नहीं करते उसके कान मरोडने का काम आमजन को करना होगा। जो सेवा करे उसे आशीर्वाद दो और जो हमारे हितों की अनदेखी करे उसे बेनकाब करो। भाजपा कार्यकर्ता हर समय आपकी सेवा करते हैं और वे चुनाव के समय आकर अपनी पगडी पैरो में रख देते हैं। अरे काम्पीटिशन करो तो सेवा में करो।

वहीं कृषि मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा ने भाजपा जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष गोपीचंद मीणा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाए दी और कहा कि जनजाति समाज के उत्थान, सशक्तिकरण और सम्मान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिन रात कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनजाति मोर्चा वर्षों से जनजाति समाज के अधिकारों, हितों, सामाजिक उन्नयन और राजनीतिक सहभागिता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण एवं प्रभावी भूमिका निभा रहा है। संगठन की यह सुदृढ़ प्रतिबद्धता भविष्य में भी समाज के सर्वांगीण विकास को नई गति प्रदान करेगी। वहीं एसटी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष गोपीचंद मीणा ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान राज्य के लाखों युवाओं के साथ धोखा किया गया। उन्होंने पेपरलीक माफिया तैयार कर दिया और हर पेपर में मिलीभगत कर युवाओं के सपने चकनाचूर करने का कार्य किया। अब भाजपा के दो साल के शासन में किसी भी युवा के साथ धोखा नहीं होने दिया गया है। सभी कार्यकर्ता मिलकर सर्व समाज को बढाने का कार्य करेंगे, अगर किसी को व्यवसाय में आगे बढना है तो उसकी मदद करेंगे और अगर किसी को समाज के लिए कार्य करना है तो भाजपा कार्यकर्ता उसके कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेगा। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष गोपीचंद मीणा सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आने वाले पंचायत चुनावों में अभी से जुट जाएं और कडी से कडी जोडते हुए ट्रिपल इंजन की सरकार बनानी है। आने वाले चुनावों में हर गांव और पंचायत से भाजपा की लहर उठेगी। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कनक मल कटारा, रामकिशोर मीणा, नारायण मीणा, हेमराज मीणा व जितेंद्र मीणा ने संगठन की एकजुटता का आह्वान किया । पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी, आसींद विधायक झब्बरसिंह सांखला, मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना , शाहपुरा विधायक लालाराम बैरवा, किशनगढ़ शाहबाद विधायक ललित मीणा, पूर्व मंत्री वीरेंद्र मीणा ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष गोपीचंद मीणा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संगठन की मजबूती के लिए काम करने की बात ।

## कहानी

# गर्भावस्था में उच्च रक्तचापः बचाव व उपचार

**उच्च रक्तचाप के प्रकारः**

1). गर्भावस्था - जन्म उच्च रक्तचाप - 20 सप्ताह के बाद होने वाला उच्च BP

2). प्री-एक्लेम्पसिया - उच्च बीपी के साथ पेशाब में प्रोटीन आना या अन्य अंगों पर असर होना

3). एक्लेम्पसिया- प्री-एक्लेम्पसिया के साथ दौरे पड़ना

4). पुराना उच्च रक्तचाप - गर्भावस्था से पहले या शुरुआती 20 सप्ताह में पाया गया उच्च बीपी

**लक्षण जिन्हें नजरअंदाज न करें**

- सर दर्द या धुंधला दिखना।
- हाथ पैरों और चेहरे में अधिक सूजन।
- पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द।
- बच्चों की हलचल कम होना।

**मां और बच्चे पर असर**

- समय से पहले प्रसव।
- बच्चा छोटा रह जाना।
- गर्भपात या मृत शिशु का खतरा।
- मां में दौरे, गुर्दे, लीवर पर असर, जान का जोखिम।

**सावधानियां और उपचार**

- हर प्रसव पूर्व जांच पर बीपी जरूर नापे।
- संतुलित भोजन, हल्की कसरत और पर्याप्त आराम करें।
- डॉक्टर द्वारा बताई दवाई नियमित ले अपनी मर्जी से दवा नहीं छोड़े।
- अचानक सिर दर्द, धुंधला दिखने या ज्यादा सूजन हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

संदेश : समय पर पहचान और इलाज से गर्भावस्था में उच्च रक्तचाप को नियंत्रित किया जा सकता है यह मां और शिशु दोनों की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है।

गर्भावस्था एक स्त्री के जीवन का महत्वपूर्ण समय है इस दौरान शरीर में कई तरह के बदलाव होते हैं कभी-कभी इन बदलाव के कारण रक्तचाप बढ़ जाता है जिसे चिकित्सा भाषा में गर्भावस्था में उच्च रक्तचाप कहते हैं।



लेखक -
**डॉ. चारुल मित्तल**
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सहायक आचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं जनाना अस्पताल, अलवर

# मुख्यधारा के विकास से जुड़तीं महिलाएं

*इनमें देश के 112 आकांक्षी जिले भी शामिल हैं। इन लाभार्थियों में लगभग 100 प्रतिशत महिलाएं हैं, जिनके लिए माइक्रोफाइनेंस औपचारिक ऋण प्रणाली से जुड़ाव की पहली कड़ी बन गई है। इसने आर्थिक पिरामिड के सबसे निचले स्तर तक औपचारिक वित्त को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस दृष्टि से यह कहना उचित होगा कि माइक्रोफाइनेंस वित्तीय समावेशन का सशक्त स्तंभ बनकर उभरा है।
माइक्रोफाइनेंस के माध्यम से ऋण प्राप्त करने वाले अधिकांश लोग पहली पीढ़ी के उद्यमी होते हैं, जिनके व्यवसाय समय के साथ धीरे-धीरे विकसित होते हैं। प्रारंभिक ऋण जोकि ?30,000 से ?50,000 के बीच होता है, उसका उपयोग बुनियादी उपकरण खरीदने में किया जाता है। अगले चरण के ऋण चक्र आय के स्रोतों में विविधता और उत्पादन विस्तार को संभव बनाते हैं। तयशुदा किस्तें वित्तीय अनुशासन को बढ़ावा देती हैं और नियमित आय परिवारों को अस्थायी मजदूरी की अनिश्चितता से बाहर निकालने में सहायक होती है। यह परिवर्तन केवल अनुभवजन्य नहीं, बल्कि संरचनात्मक भी है। वर्ष 2021 में एनसीएईआर के एक अध्ययन के अनुसार माइक्रोफाइनेंस का भारत की अर्थव्यवस्था में योगदान कुल सकल मूल्य वर्धन का लगभग 2.03 प्रतिशत है और यह लगभग 1.30 करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान करने में सहायक बना है। इससे स्पष्ट है कि माइक्रोफाइनेंस आज*



संप्रति महिलाओं के माध्यम से एक प्रभावी आर्थिक क्रांति आकार ले रही है। लाखों महिलाएं सिलाई, खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन, स्थानीय व्यापार और हस्तशिल्प जैसे छोटे, अनौपचारिक उद्यमों से अपनी आजीविका चला रही हैं। यह उनका पहला स्थायी और स्वतंत्र आय का स्रोत बनता है। इस परिवर्तन में माइक्रोफाइनेंस ने एक निर्णायक भूमिका निभाई है।

बिना गारंटी वाले ये छोटे कर्ज, जो घर की दहलीज पर ही आसान किस्तों पर उपलब्ध हैं, महिलाओं की आजीविका और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने, परिवार की आय को सुदृढ़ करने और अर्थव्यवस्था में सक्रिय भागीदारी करने में सक्षम बनाते हैं। इन महिलाओं के लिए माइक्रोफाइनेंस केवल वित्तीय सहायता नहीं, बल्कि सम्मानजनक आजीविका का माध्यम और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने वाली एक जीवनरेखा बनकर उभरा है। एक ऐसे दौर में जब तमाम प्रयासों के बीच ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में पारंपरिक बैंकों की पहुंच अब भी कुछ अपेक्षाकृत रूप से सीमित है, तब इस स्थिति में माइक्रोफाइनेंस एक वरदान बनकर उभरा है। आज माइक्रोफाइनेंस भारत के दूर-दराज वाले इलाकों तक गहराई से अपनी पैठ बना चुका है। यह देश के 720 जिलों में लगभग 7.5 करोड़ ऐसे लोगों को अपनी वित्तीय सेवाओं का लाभ दे रहा है, जिस तबके के लोगों की आय कम है।

इनमें देश के 112 आकांक्षी जिले भी शामिल हैं। इन लाभार्थियों में लगभग 100 प्रतिशत महिलाएं हैं, जिनके लिए माइक्रोफाइनेंस औपचारिक ऋण प्रणाली से जुड़ाव की पहली कड़ी बन गई है। इसने आर्थिक पिरामिड के सबसे निचले स्तर तक औपचारिक वित्त को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस दृष्टि से यह कहना उचित होगा कि माइक्रोफाइनेंस वित्तीय समावेशन का सशक्त स्तंभ बनकर उभरा है।

माइक्रोफाइनेंस के माध्यम से ऋण प्राप्त करने वाले अधिकांश लोग पहली पीढ़ी के उद्यमी होते हैं, जिनके व्यवसाय समय के साथ धीरे-धीरे विकसित होते हैं। प्रारंभिक ऋण जोकि ?30,000 से ?50,000 के बीच होता है, उसका उपयोग बुनियादी उपकरण खरीदने में किया जाता है। अगले चरण के ऋण चक्र आय के स्रोतों में विविधता और उत्पादन विस्तार को संभव बनाते हैं। तयशुदा किस्तें वित्तीय अनुशासन को बढ़ावा देती हैं और नियमित आय परिवारों को अस्थायी मजदूरी की अनिश्चितता से बाहर निकालने में सहायक होती है। यह परिवर्तन केवल अनुभवजन्य नहीं, बल्कि संरचनात्मक भी है। वर्ष 2021 में एनसीएईआर के एक अध्ययन के अनुसार माइक्रोफाइनेंस का भारत की अर्थव्यवस्था में योगदान कुल सकल मूल्य वर्धन का लगभग 2.03 प्रतिशत है और यह लगभग 1.30 करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान करने में सहायक बना है। इससे स्पष्ट है कि माइक्रोफाइनेंस आज वर्तमान भारत की आर्थिक संरचना का एक महत्वपूर्ण घटक बन चुका है। माइक्रोफाइनेंस परिदृश्य पर आरबीआइ द्वारा विनियमित संस्थाएं सख्त दिशानिर्देशों, फेयर प्रैक्टिसेज कोड और उद्योग की आचार संहिता के तहत जिम्मेदार ऋण प्रथाओं का पालन करती हैं, जिससे महिला उधारकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। आरबीआइ के अनुसार किसी उधारकर्ता की कुल माइक्रोफाइनेंस ऋण चुकौती उसकी घरेलू आय के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती। इसके साथ ही आरबीआइ द्वारा मान्यता प्राप्त स्व-नियामक संगठन माइक्रोफाइनेंस इंडस्ट्री नेटवर्क यानी एमएफआइएन द्वारा निर्धारित प्रविधान भी लागू होते हैं। इसमें उधार की सीमा को निर्धारित कर ऋण जोखिम को कम किया जाता है। इसके साथ ही त्रिस्तरीय शिकायत निवारण प्रणाली भी मौजूद है, जिसमें एमएफआइएन दूसरे स्तर की व्यवस्था को चौबीसों घंटे संचालित करता है। ये सभी सुरक्षा प्रविधान जवाबदेही सुनिश्चित करते हैं। उधारकर्ताओं की रक्षा करते हैं और समग्र सेक्टर की दीर्घकालिक स्थिरता को मजबूती प्रदान करते हैं। इसके बावजूद अपने प्रमाणित प्रभाव के बावजूद माइक्रोफाइनेंस सेक्टर इस समय गंभीर नकदी संकट से जूझ रहा है। इसके कारण करीब 50 लाख जरूरतमंद औपचारिक ऋण व्यवस्था से बाहर हो गए हैं। इससे उनके फिर से साहूकारों और बिना नियमन वाली अनौपचारिक ऋण व्यवस्थाओं के शिकंजे में फंसने का जोखिम बढ़ गया है। ऐसे में, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को महंगे कर्ज के दुष्चक्र में फंसने से बचाने के लिए संगठित और विनियमित माइक्रोफाइनेंस में औपचारिक वित्त का प्रवाह बनाए रखना आवश्यक हो गया है। प्रभाव के स्तर पर भी देखा जाए तो आय अर्जन से इतर माइक्रोफाइनेंस का सामाजिक प्रभाव गहरा और स्थायी है। यह महिलाओं की घरेलू निर्णय भूमिका को सशक्त करता है, शिक्षा-स्वास्थ्य में निवेश बढ़ाता है और बचत की आदत को प्रोत्साहित करता है।

## सम्पादकीय

# दुश्मन नहीं, रास्ता बना जवानों का काल?



जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में हुए हादसे में जिस तरह दस जवानों की जान चली गई, वह दुर्गम इलाके में तैनात सुरक्षा बलों के सामने मौजूद बहुस्तरीय जोखिम का ही उदाहरण है। गौरतलब है कि गुरुवार को डोडा में सेना के एक बुलेटप्रूफ वाहन में सवार फौजी लगभग नौ हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित एक चौकी की ओर जा रहे थे। इस बीच खन्नी टाप के पास वाहन सड़क से फिसल कर दो सौ फुट गहरी खाई में जा गिरा। इतनी ऊंचाई से गिरने के बाद वाहन और उसमें सवार लोगों की हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है। दस जवानों की मौत के अलावा ग्यारह अन्य जवान बुरी तरह घायल भी हुए। जाहिर है, आतंकवाद का सामना करने के क्रम में जानलेवा खतरों और हमलों का सामना करने के अलावा इस घटना से वहां ड्यूटी के लिए तैनात सुरक्षा बलों के सामने एक अतिरिक्त चुनौती का पता चलता है। यह इलाका अपनी बेहद मुश्किल भौगोलिक परिस्थितियों के लिए जाना जाता रहा है और वहां सुरक्षा बलों के जवानों के सामने हमेशा ही जोखिम की स्थिति बनी रहती है। ऊंचे पहाड़ों और घने जंगलों के बीच आतंकवादियों का सामना करना पहले ही एक बड़ी चुनौती रही है। उसमें जब सुरक्षा कारणों से ही सड़कों पर सफर के क्रम में हुए हादसे में जवानों की मौत हो जाती है, तो यह वाहन चलाने में हुई मामूली चूक के खतरनाक नतीजों के साथ-साथ दुर्गम इलाकों में मौजूद रास्तों के बेहद असुरक्षित होने का भी सबूत है। सवाल है कि देश की सुरक्षा के लिहाज से अतिसंवेदनशील इलाकों में सड़कों को इस हालत में कैसे छोड़ा गया है कि किसी वाहन के खाई में गिरने के बाद उसमें सवार लोगों के जिंदा बचने की गुंजाइश बेहद कम होती है। अफसोस की बात यह है कि उस समूचे क्षेत्र में सुरक्षा बलों के सामने मौजूद अलग-अलग जोखिम के समांतर बचाव के मोर्चे पर शायद पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है। वरना हादसे और जोखिम के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील जगहों पर सड़कों के किनारे मजबूत सुरक्षा घेरा या पैराफिट लगाने भर से पहाड़ी इलाकों में होने वाले हादसों में जानमाल के नुकसान को कम किया जा सकता है। जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी और ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में वाहनों के दुर्घटना का शिकार होने और जवानों की मौत या उनके घायल होने की घटनाएं अक्सर सामने आती रही हैं। वाहन पर से चालक का नियंत्रण खोना एक कारण हो सकता है, लेकिन उस क्षेत्र में संकरी और घुमावदार सड़कों के तीखे मोड़ पर फिसलन का खतरा बना रहता है। ताजा घटना में जिस खन्नी टाप पर सेना का वाहन हादसे का शिकार हुआ, उस तरह की जगहों पर ऊंचाई और कंकड़-मिट्टी की वजह से फिसलन ज्यादा घातक हो जाती है। खासतौर पर दिसंबर-जनवरी के बीच ज्यादा ठंड और बर्फबारी की वजह से सड़क पर फिसलन आम रहती है। ऐसे में उन सड़कों से अगर भारी सैन्य वाहन गुजरते हैं, तो ऊंचाई वाली जगहों पर कई बार वाहन पर नियंत्रण मुश्किल काम होता है


# देश को दिशा दिखाते नेताजी के आदर्श

*नेताजी की जीवन-यात्रा कठिन फैसलों और अकेले दृढ़ संकल्प से भरी रही। जब आजादी पाने के लिए प्रचलित रास्ते उन्हें पर्याप्त नहीं लगे, तो उन्होंने अपना अलग मार्ग चुना। उन्होंने आजादी की लड़ाई को आजाद हिंद फौज (आइएनए) के माध्यम से एक अंतरराष्ट्रीय आंदोलन का रूप दिया। नेताजी ने पूरे विश्वास के साथ कहा था, 'दुनिया की कोई भी ताकत अब हमसे हमारे जन्मसिद्ध अधिकार स्वतंत्रता को नहीं छीन सकती।' उनका यह विश्वास आजाद हिंद फौज के रूप में साकार हुआ। नेताजी का ओजपूर्ण आह्वान-'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' और उनका यह कथन कि 'आजादी दी नहीं जाती, ली जाती है', यह दर्शाता है कि उनका अटूट विश्वास था कि स्वतंत्रता संघर्ष और सर्वोच्च बलिदान से ही प्राप्त होती है।
साहस और आत्मसम्मान पर आधारित नेताजी का यह आह्वान भारत के हर क्षेत्र और हर समाज*

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर देश उस महान जीवन को नमन करता है, जो साहस, त्याग और स्वतंत्रता के प्रति अटूट जुनून से भरा हुआ था। कम उम्र से ही नेताजी में एक दुर्लभ नैतिक दृढ़ता दिखाई देती थी। उन्होंने व्यक्तिगत सुख, सांसारिक महत्वाकांक्षाएं और यहां तक कि भारतीय सिविल सेवा में मिला प्रतिष्ठित पद भी छोड़ दिया, ताकि वे स्वयं को पूरी तरह भारत की आजादी के लिए समर्पित कर सकें।

उनके लिए स्वतंत्रता कोई साधारण लक्ष्य नहीं, बल्कि एक पवित्र कर्तव्य थी, जिसके लिए अनुशासन, निर्भयता और सब कुछ बलिदान करने की तैयारी आवश्यक थी। गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने सुभाष चंद्र बोस को 'देशनायक' करार देते हुए कहा था कि कठिन समय में किसी भी देश को एक ऐसे प्रेरित और वीर नेता की आवश्यकता होती है, जो चुनौतियों से ऊपर उठकर पूरे जोश के साथ नेतृत्व कर सके।

नेताजी की जीवन-यात्रा कठिन फैसलों और अकेले दृढ़ संकल्प से भरी रही। जब आजादी पाने के लिए प्रचलित रास्ते उन्हें पर्याप्त नहीं लगे, तो उन्होंने अपना अलग मार्ग चुना। उन्होंने आजादी की लड़ाई को आजाद हिंद फौज (आइएनए) के माध्यम से एक अंतरराष्ट्रीय आंदोलन का रूप दिया। नेताजी ने पूरे विश्वास के साथ कहा था, 'दुनिया की कोई भी ताकत अब हमसे हमारे जन्मसिद्ध अधिकार स्वतंत्रता को नहीं छीन सकती।' उनका यह विश्वास आजाद हिंद फौज के रूप में साकार हुआ। नेताजी का ओजपूर्ण आह्वान-'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' और उनका यह कथन कि 'आजादी दी नहीं जाती, ली जाती है', यह दर्शाता है कि उनका अटूट विश्वास था कि स्वतंत्रता संघर्ष और सर्वोच्च बलिदान से ही प्राप्त होती है। साहस और आत्मसम्मान पर आधारित नेताजी का यह आह्वान भारत के हर क्षेत्र और हर समाज में गूंजा। विशेष रूप से देश के दक्षिणी भागों में, खासकर तमिल समाज के बीच,



इसका गहरा प्रभाव पड़ा। नेताजी की लोकप्रियता न केवल मद्रास प्रेसीडेंसी में बढ़ी, बल्कि मलाया, बर्मा और सिंगापुर में रहने वाले तमिल समुदायों में भी उनका संदेश गूंजा। 1920 के दशक की शुरुआत से ही नेताजी ने भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में मद्रास प्रेसीडेंसी के राजनीतिक महत्व को समझ लिया था। कांग्रेस के एक संगठक और राष्ट्रीय नेता के रूप में वे इस क्षेत्र के लोगों से लगातार जुड़े रहे। 3 सितंबर, 1939 को नेताजी जब मद्रास सेंट्रल स्टेशन पहुंचे, तब उनका स्वागत वकील और स्वतंत्रता सेनानी एस. श्रीनिवास अय्यंगार तथा पासुम्पोन यू. मुथुरामलिंगा थेवर सहित अनेक समर्थकों ने किया। इस यात्रा के दौरान नेताजी के करीबी सहयोगी पासुम्पोन यू. मुथुरामलिंगा थेवर तमिलनाडु में फारवर्ड ब्लाक के एक प्रमुख नेता के रूप में उभरे। उन्हें अक्सर 'दक्षिण के बोस' के रूप में याद किया जाता है। उन्होंने 'नेताजी' नाम से एक तमिल साप्ताहिक पत्रिका भी शुरू की। आइएनए में तमिल योगदान की एक विशेष बात यह थी कि इसके स्वयंसेवक दूर-दूर के क्षेत्रों से आए थे।

इनमें रामु थेवर भी शामिल थे, जो मूल रूप से मद्रास प्रेसीडेंसी के रामनाड क्षेत्र से थे। लगभग चौदह वर्ष की उम्र में नेताजी से प्रेरित होकर वे आइएनए में शामिल हुए और बाद में उन्हें खुफिया कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई। भारत पहुंचने की कोशिश के दौरान उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और अलीपुर जेल में बंद कर दिया गया। अपनी मां को लिखे उनके पत्र गहरी कठिनाइयों और अडिग देशभक्ति की कहानी कहते हैं। मद्रास जेल में 1944 में उन्हें फांसी दिए जाने की जानकारी से अनजान उनकी मां 1948 तक उन्हें पत्र लिखती रहीं।

# बैर बढ़ाता बांग्लादेश

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीम भारत न भेजने का फैसला कर खुद को न केवल टी-20 विश्व कप से बाहर होने की कगार पर खड़ा कर लिया, बल्कि भारत के प्रति अपने अंधविरोध को भी प्रकट कर दिया। अपनी टीम को भारत न भेजने का फैसला जिस तरह वहां की अंतरिम सरकार के खेल सलाहकार ने सुनाया, उससे यही स्पष्ट होता है कि सरकार ने ही बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को इसके लिए विवश किया कि वह खेल भावना का परिचय देने के स्थान पर भारत विरोधी भावनाएं भड़काने वाले काम करे। अब इसमें भी कोई संदेह नहीं रह जाता कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की कमान संभाले मोहम्मद यूनुस और उनके सहयोगी




यही चाह रहे हैं कि चुनाव के मौके पर बांग्लादेश में भारत विरोधी माहौल बना रहे। इससे यही संकेत मिलता है कि यदि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में शामिल तत्व चुनाव बाद बनने वाली सरकार में आए तो वे भारत विरोध की राह पर चलते रहेंगे। इससे भारत की चुनौती बढ़ सकती है। अभी भी चुनौतियां कम नहीं हैं, क्योंकि वहां न केवल भारत विरोधी भावनाओं को भड़काने का काम जारी है, बल्कि हिंदुओं की हत्याओं का सिलसिला भी कायम है। यह भी साफ ही है कि इन हत्याओं पर बांग्लादेश सरकार तनिक भी संवेदनशील नहीं। बांग्लादेश ने भारत में अपनी टीम न भेजने का फैसला इस बहाने लिया कि आइपीएल की टीम केकेआर ने उसके क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज कर दिया। अच्छा होता कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड इसकी नौबत नहीं आने देता और आइपीएल की नीलामी में बांग्लादेशी क्रिकेटरों को शामिल ही नहीं करता। मुस्तफिजुर को केकेआर से अलग करने के फैसले को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भारत विरोध का जरिया बना लिया। इसमें वहां की सरकार भी शामिल हो गई और वह भी तब जब उसके क्रिकेटर टी-20 विश्व कप में शामिल होने के इच्छुक थे। दुर्भाग्य से ऐसी इच्छा प्रकट करने वालों को भारत का एजेंट कहकर लांछित किया गया और यह भुला दिया गया कि यदि उसकी टीम टी-20 विश्व कप में हिस्सा नहीं लेती तो इसके दुष्परिणाम उसके क्रिकेटरों को ही भोगने पड़ेंगे।

# आस्था और आनंद के संग हर्षोल्लास से मनाई बसंत पंचमी


चूरू।


सुजानगढ़


सरदारशहर।


चूरू


सीकर।


मण्डावा।


मण्डावा।

जयपुर टाइम्स

**चूरू।** पं. दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को बसंत पंचमी पर्व माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बुद्धिप्रकाश, संघ प्रचारक, प्रांत कार्यकारिणी ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधि महाविद्यालय के प्राचार्य श्रवण सैनी व योगाचार्य डॉ. मनोज शर्मा रहे। कार्यक्रम में डॉ. महेश मोहनलाल पुकार ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने उपस्थित चिकित्सकों व विद्यार्थियों को बसंत पंचमी पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संस्कृति, ज्ञान, विद्या व संस्कारों की महत्ता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान, सृजन और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। कार्यक्रम में डॉ. रमाकांत वर्मा, डॉ. शशिधर हरव्याशी, डॉ. बजरंग सोनी, डॉ. विकास देवराज, डॉ. रतन अग्रवाल, डॉ. संदीप कुलहरी, डॉ. कुलदीप, डॉ. नितेश शर्मा, डॉ. महेंद्र सैनी, डॉ. धर्मेंद्र, डॉ. मनीष चाहर सहित अनेक चिकित्सक उपस्थित रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में एमबीबीएस विद्यार्थी, चिकित्सक व मेडिकल कॉलेज का स्टाफ मौजूद रहा। इस दौरान मेडिकल कॉलेज में शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत लेखन प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर मनोज शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को वर्तमान समय में युवाओं के लिए वैचारिक स्पष्टता, मूल्यनिष्ठ सोच और रचनात्मक अभिव्यक्ति अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में बौद्धिक विकास व सकारात्मक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करती है। इस अवसर पर भारतीय शिक्षण मंडल जयपुर के जिला संयोजक वेद प्रकाश शर्मा, भारतीय शिक्षण मंडल जयपुर सहसंयोजक अनिल जांगिड़, भारतीय शिक्षण मंडल जयपुर के विजेंद्र कुमार उपस्थित रहे।


पावटा।

इस दौरान अतिथियों ने भारतीय शिक्षण मंडल की ओर से होने वाली प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन किया।

**सुजानगढ़** स्थानीय नया बास स्थित दयानंद विद्या विहार स्कूल में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी पीले परिधानों में अत्यंत सुंदर, मनमोहक व आकर्षक लग रहे थे, जिससे पूरा विद्यालय बसंती रंग में रंगा हुआ प्रतीत हो रहा था। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार की ओर से बसंत पंचमी का पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बसंत पंचमी के धार्मिक, सांस्कृतिक व शैक्षिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह पर्व ज्ञान, विद्या व सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है और विद्यार्थियों को ज्ञानार्जन के प्रति प्रेरित करता है। समारोह में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और वातावरण को आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ।

**सरदारशहर।** शहर के श्री नामदेव टॉक क्षेत्रीय संस्था की ओर से हर साल की भांति इस साल भी श्री नामदेव मंदिर प्रांगण में दो दिवसीय बसन्त पंचमी महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाज के अध्यक्ष विनोद खत्ती ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम में गुरूवार को रात्रि सुनील एंड पार्टी की ओर से सुन्दरकाण्ड का पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया।शुक्रवार को सुबह 9 बजे हरिप्रसाद बैदी के सानिध्य में अग्निहोत्र देव यज्ञ व 11 बजे भामाशाह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि दिल्ली प्रवासी समाजसेवी अनिल कुमार झांकल, विशिष्ट अतिथि समाज के अध्यक्ष विनोद खत्ती, समाजसेवी सांवरमल मोयल, संरक्षक तिलोकचंद झांकल व कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी भंवरलाल भाटी ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी अनिल कुमार झांकल ने कहा कि समाज में शिक्षा को लेकर प्रयास करें। समाज के लोग आगे आकर एक नामदेव भवन का निर्माण करे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाज सेवी भंवरलाल भाटी ने कहा कि समाज की ओर से जो कार्य करवाएं जा रहे हैं सराहनीय कार्य है। समाज की महिलाओं को आगे आकर अपने बच्चों को शिक्षा की ओर बढ़ना चाहिए। अंत में सभी समाज बंधुओ को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंत्री सागर झेडू, उपाध्यक्ष मनोज कुमार दर्जी, कोषाध्यक्ष बजरंग लाल कोकचा, लालचंद झेडू, झुमरमल मोयल, मदनलाल कांवलिया, उम्मेद झांकल, मोहनलाल कायथ, सत्यनारायण खत्ती, राजकुमार झेडू, गणेशमल कांवलिया, संजय कुमार बेदी, विद्याधर खत्ती, मोहनलाल गोठवाल, किशोर दुवाणिया, प्रकाश मोयल, हरिप्रसाद झांकल, रतनलाल मोयल, मनीष झांकल, संदीप मोयल, ओमप्रकाश भाटी आदि उपस्थित रहे।

**चूरू(निस)।** स्थानीय स्थित मालजी के कमरे के पास गीताजंली पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल में विद्या और बुद्धि की देवी माँ सरस्वती की आराधना का पर्व 'बसंत पंचमी' बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक दामोदर गौतम की ओर से माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसके पश्चात संगीत विभाग की छात्राओं ने 'वर दे वीणा वादिनी' वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। संस्था के निर्देशक व मुख्य प्रबंधक गौरव गौतम व विनय गौतम ने सभी को बसंत पंचमी की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व हमें अज्ञानता त्याग कर ज्ञान के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बच्चों को निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। का वातावरण पीले फूलों की महक और भक्ति गीतों से गुंजायमान रहा।

**सीकर।** इक ख्वाहिश फाउंडेशन एनजीओ की ओर से बसंत पंचमी पर हाथी टिब्बा नगर योजना कच्ची बस्ती की महिलाओं को स्वेटर वितरित की। साथ ही संचालित आदर्श मां की ममता पाठशाला में वसंत पंचमी मनाई गई। इस अवसर पर पाठशाला की संचालिका डॉ सुनीता चौधरी ने सरस्वती मां के दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की। सभी बच्चों को तिलक करके मिठाई खिलाई गई। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। साथ ही पाठशाला के बच्चों को भी स्वेटर वितरित की गई। इस अवसर पर नीतू कंवर, पूनम चेजारा, किरण, सालु भवानी बसंती आदि उपस्थित रहे।

**मण्डावा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कमालसर में भामाशाह मातुराम सर्वा की ओर से निर्मित सरस्वती मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शुक्रवार को बसंत पंचमी पर्व पर विद्यालय प्रागंण में मुख्य अतिथि मातुराम सर्वा विशिष्ट अतिथि दीपक कुमार सर्वा की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इसके साथ भामाशाह मातुराम सर्वा की ओर से विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों के लिए कृष्ण भोग का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह ने की। मंच संचालन अनीता ने किया इस अवसर पर स्टाफ सदस्य बनवारी लाल जागिंड, सावरमल सर्वा दलीप कुमार विजेन्द्र कुमार, राजीव धायल, आशिष कुमार, शिवदत्त, महेन्द्र सिंह, सुमेर सिंह, मुकेश कुमार, सुनीता तवंर, मनीषा जानू श्रवण कुमार मोगा, इमरान अली, शक्ति सिंह, रेहाना बानो, सुनीता, विनय कुमार, श्रवण कुमार सर्वा सहित विद्यालय स्टॉफ व ग्रामीण उपस्थित रहे।

**मण्डावा।** श्री युवक सभा आदर्श विद्या मंदिर मंडावा में शुक्रवार को बसंत पंचमी पर्व के उपलक्ष में 16 संस्कारों में से एक महत्वपूर्ण विद्यारंभ संस्कार श्रद्धा व उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों का भारतीय सांस्कृतिक परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात हवन कर भगवान की पूजा संपन्न हुई तथा मां सरस्वती की वंदना कर ज्ञान, संस्कार और सद्बुद्धि की कामना की गई। कार्यक्रम में व्यवस्थापक जितेंद्र सुरोलिया, प्रधानाचार्य मनीष सैनी, आचार्य ममता मोर्य, ममता यादव, ममता मिश्रा, कुंदन सिंह, हिमांशु जांगिड़, रामजीलाल, मधु सैनी, सोनू सैनी, ताराचंद, निरमा पूनम सपना एवं सुमन प्रजापति सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इसी प्रकार शांतिकुन्ज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार मण्डावा शाखा की ओर से शुक्रवार को बसंत पंचमी पर्व के उपलक्ष्य व गायत्री माता जी और अखंड ज्योति के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गायत्री महायज्ञ का आयोजन ढाढ़णिया स्कूल के निकट कालोया - भवन प्रांगण में नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न हुआ। शुक्रवार को सुबह 10 बजे सरस्वती पूजन के बाद गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ किया हुआ। यह जानकारी आलोक कालोया ने दी।

**पावटा।** कस्बे के निकटवर्ती जोधपुरा में बसंत पंचमी पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जोधपुरा व राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, निर्वाणिया में विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती की भव्य प्रतिमा की स्थापना श्रद्धा एवं विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। यह पुण्य कार्य सौणाराम, भीमसेन, दुलीचंद, रामजीलाल व पवन कुमार जोधपुरा वालों ने कराया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, नागरिक व श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विधिवत पूजा-अर्चना कर माँ सरस्वती से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, ज्ञान-वृद्धि व विद्यालय की निरंतर प्रगति की कामना की गई। विद्यालय स्टाफ ने इस प्रेरणादायक सहयोग के लिए दानदाताओं का आभार व्यक्त किया। प्रतिमा स्थापना कार्य में विशेष सहयोग राकेश धींधवाल गुरुजी फिलिंग स्टेशन, दादा का बास का रहा, जिनके सौजन्य से यह पुनीत कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। विद्यालय परिवार ने इस पहल को शिक्षा क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कृतज्ञता व्यक्त की। इस दौरान विद्यालय स्टाफ सहित विद्यार्थी मौजूद रहे

## शक्ति विद्या मंदिर में बसंत पंचमी मनाई

जयपुर टाइम्स



**सांगानेर(निस)।** डिग्गी रोड़ स्थित रेनवाल मांझी मे शक्ति विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को बसंत पंचमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रामराज जाट ने किया। उन्होंने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर पूजन विधि विधान से संपन्न कराया। इस दौरान पूरा विद्यालय परिसर 'जय मां शारदे' के उद्घोष से गूंज उठा। सफेद और पीले वस्त्रों में सजे छात्र-छात्राओं ने सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। पूजा के समापन पर सभी उपस्थित लोगों में प्रसाद वितरित किया गया। विद्यार्थियों ने एक दूसरे को बसंत के आगमन की बधाई दी। इस मौके पर रामावतार बैरवा, गणेश सिंह, जीतराम चौधरी, विष्णु शर्मा, हिम्मत सिंह, सरोज मौर्य, कल्पना शर्मा, मुकेश चौधरी, नीलम पाल, संदीप टेलर, मनोहर बैरवा के साथ छात्र-छात्रा मौजूद रहे।

## सांभरलेक पुलिस ने दो स्थायी वारंटी किए गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** सांभरलेक थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में वर्षों से फरार चल रहे दो स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी 3 से 4 वर्षों से जयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा सहित अन्य स्थानों पर फरारी काट रहे थे। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा डूडी के निर्देशन में स्थायी वारंटियों व उद्घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू व पुलिस उप अधीक्षक सांभरलेक के सुपरविजन में थानाधिकारी सांभरलेक राम मिलन मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस ने सूचना संकलन व तकनीकी सहायता के आधार पर वांछित स्थायी वारंटी नोरतमल बावरिया पुत्र फेफल्या, उम्र 25 वर्ष बावरिया, निवासी मम्माना थाना नरैना, जिला जयपुर को भांकरोटा क्षेत्र से गिरफ्तार किया। वहीं वांछित स्थायी वारंटी राजकुमार साडीवाल पुत्र नाथूलाल, उम्र 52 वर्ष कुम्हार, निवासी जवाहर नगर गौसिया मोहल्ला, प्रतापनगर पुलिस चौकी के पास, थाना प्रतापनगर, जिला भीलवाड़ा को सांभरलेक रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में थानाधिकारी रामलाल मीणा के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल रामनिवास, हेड कांस्टेबल बलबीर सिंह, कांस्टेबल रमेश कुमार व चालक मेवाराम शामिल रहे।

## लाखना में ग्राम उत्थान शिविर, 450 से अधिक ग्रामीण लाभान्वित

जयपुर टाइम्स




**सांगानेर (निस)।** लांखना ग्राम पंचायत में शुक्रवार को ग्राम उत्थान शिविर-2026 का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के लगभग 450 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया। शिविर का निरीक्षण उपखंड अधिकारी सांगानेर (जयपुर) विकास प्रजापत ने किया और अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में शिविर प्रभारी तहसीलदार सांगानेर विपुल चौधरी, भू-अभिलेख निरीक्षक मुहाना विशाल सिंघल, पटवारी रामजीलाल मीणा, विकास अधिकारी (बीडीओ) ज्योति प्रजापत, सहायक कृषि अधिकारी मंगल राम जाट, कृषि पर्यवेक्षक सुनीता शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी राजेंद्र चेतीवाल और ग्राम पंचायत लाखना की सरपंच मनभर देवी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर स्थल पर ग्रामीणों को कृषि, पशुपालन, ऊर्जा, बीमा व उद्यानिकी से जुड़ी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। किसानों को कृषि यंत्रों पर मिलने वाली अनुदान राशि के चेक वितरित किए गए। साथ ही कृषि विभाग व बिजली विभाग से जुड़े प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की गई। शिविर में कुल 21 क्रेडिट कार्ड आवेदन, मुख्यमंत्री मंगल पशु बीमा योजना के तहत 52 आवेदन, कस्टम हायरिंग सेंटर के 25 आवेदन प्राप्त हुए। पशुओं में 4 कृत्रिम गर्भाधान किए गए। पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत 150 पंजीकरण हुए। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की जानकारी 255 किसानों को दी गई। सौर पंप के 14 आवेदन, फर्टिलिटी किट का वितरण 48 किसानों को, तारबंदी के 9, पाइपलाइन के 28 तथा फार्म पॉन्ड के 20 आवेदन प्राप्त किए गए। इसके अलावा फसल बीमा योजना की जानकारी 350 किसानों को दी गई, 450 किसानों के बीज वितरण का सत्यापन किया गया। फवारा संयंत्र के 25, ड्रिप सिंचाई के 15 और सोलर पंप के 5 आवेदन प्राप्त हुए। 35 किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड वितरित किए गए और उद्यानिकी विभाग की विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी गई। शिविर के सफल आयोजन से ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला।

## निपुण मेले व मेगा पीटीएम समारोह का एसडीएम ने अवलोकन कर विद्यार्थियों को दिया संबलन



जयपुर टाइम्स

**नावां शहर (निस)।** स्थानीय विद्यालय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोविंदी में निपुण मेला व मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया इस समारोह में गोविंदी व अधीनस्थ विद्यालय के प्रतिभागियों ने भाग लिया। उपखंड अधिकारी नावाँ दिव्या सोनी ने निपुण मेले के दौरान विद्यार्थियों की ओर से लगाई गई विभिन्न स्टॉल का अवलोकन कर विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया व बसंत पंचमी की शुभकामनाएं प्रेषित की। उप प्राचार्य महेंद्र सिंह यादव ने बताया कि निपुण मेले का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अनुशंसा के अनुसार प्रारम्भिक कक्षाओं में वर्ष 2026- 27 तक बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान (FLN) प्राप्त करना है। प्रधानाचार्य मुकेश मीणा ने बताया कि इस मेगा पीटीएम में सभी विद्यार्थियों के अभिभावकों ने हिस्सा लिया व विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति पर चर्चा की। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए भामाशाह सन्तोष देवी लेगा धर्मपत्नी रामनिवास लेगा की ओर से कृष्ण भोग का आयोजन करवाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मुकेश कुमार जांगिड़, उप प्राचार्य धर्मवीर पारीक, व्याख्याता मुरारी कुमार,कुलदीप शर्मा ,श्री किशन, स्थानीय बालचर संघ के सचिव मोहन सिंह सेवदा,विजय सिंह चौधरी रामनिवास लेगा,उमेश कुमार, धर्मेंद्र सैनी, आयोजन प्रभारी पदमश्री रांकावत एवं साक्षी लुणायच उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों ने पूजा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भारतीय संस्कृति का संदेश दिया

जयपुर टाइम्स




**नावां शहर(निस)।** उपखण्ड मुख्यालय स्थित नावा कस्बे में संचालित रैनबो इंटरनेशनल स्कूल में बसंत पंचमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, उल्लास और पारंपरिक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर पीले रंग की छटा से सराबोर नजर आया और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम प्रभारी शहनाज खान ने जानकारी देते हुए बताया कि बसंत पंचमी कार्यक्रम की शुरुआत नन्हें-मुन्ने आरआईएस किड्स की ओर से माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। विद्यार्थियों ने श्रद्धा भाव से विद्या की देवी की आराधना कर ज्ञान और सद्बुद्धि की कामना की। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने पीले वस्त्र धारण कर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने मधुर गीतों, मनमोहक नृत्यों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित अभिभावकों व अतिथियों का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर तालियों की गूंज से गूंज उठा। बसंत पंचमी के महत्व को रेखांकित करते हुए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। इसके साथ ही कविता पाठ व चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय परिवार की ओर से विद्यार्थियों को बसंत पंचमी के धार्मिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक महत्व से अवगत कराया गया। शिक्षकों ने बच्चों को ज्ञान, सद्भाव, परिश्रम और अनुशासन के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी तथा भारतीय संस्कृति और परंपराओं को आत्मसात करने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक प्रताप बेनीवाल एवं सह-निदेशक महेंद्र पारीक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बसंत पंचमी विद्या, संगीत और कला का पर्व है, जो जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सदस्य विधि शर्मा, सरोज देवी, प्रियंका रिठोदिया, निशा योगी, चंचल लखन, शबाना खान, रितिका, यास्मिन खान व अंकिता सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



# सुहाना ने बताया कैसी है शाहरुख-गौरी के साथ बॉन्डिंग

शाहरुख खान की लाडली सुहाना खान ने ओटीटी पर रिलीज हुई फिल्म 'आचीज' से डेब्यू किया था। अब वो अपनी अपकमिंग और सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली पहली फिल्म 'किंग' पर काम कर रही हैं। ज्यादातर अपने माता-पिता शाहरुख और गौरी के साथ ही नजर आने वालीं सुहाना ने अब अपने और माता-पिता के रिश्तों पर खुल कर बात की है। जानें कैसी है सुहाना और उनके पेरेंटस की ट्यूनिंग

## पेरेंटस का फैसला ही आखिरी होता है

हैपर्स बाजार को दिए इंटरव्यू में सुहाना ने अपने निजी जीवन पर बात की। सुहाना ने इस इंटरव्यू में शाहरुख और गौरी दोनों को ही अपने काफी करीब बताया। उन्होंने कहा कि जब वो किसी ऐसी जगह पहुंचती हैं जहां उन्हें समझ नहीं आता कि क्या करना चाहिये ? तो वो अपने पैरेंट्स को फैसला करने को कहती हैं। फिर उनके पैरेंट्स जो भी फैसला करते हैं उसे वो आखिरी फैसला मानती हैं।

## करियर के फैसले भी करेंगे शाहरुख-गौरी

आगे शाहरुख और गौरी के बारे में बताते हुए सुहाना ने कहा कि जहां एक तरफ शाहरुख उन्हें भावनात्मक सलाह देते हैं, वहीं गौरी उन्हें प्रेक्टिकल सलाह देतीं हैं। अपने करियर से जुड़े फैसलों के बारे में सुहाना ने कहा कि इसमें भी वो अपने पैरेंट्स के कहने पर ही चलेगीं।

## एक्टिंग बनी स्कूल प्ले से पैशन

इंटरव्यू में आगे सुहाना ने अपने एक्टिंग के तरफ रुझान पर चर्चा की। एक्ट्रेस ने बताया, 'अभिनय के साथ मेरा सफर एक साधारण से स्कूल प्ले से शुरू हुआ। इस प्ले में मुझे मनचाहा रोल नहीं मिल सका। इसी पल मुझे एहसास हुआ कि मुझमें स्टेज पर आने की कितनी चाहत थी।' आगे सुहाना ने कहा, 'लोग क्या सोचेंगे यह छोड़कर मैं अपने काम पर फोकस करतीं हूं। एक्टिंग से लेकर मैग्जीन शूट तक हर कदम में बहुत सावधानी और माता पिता से स्वीकृती मिलने के बाद ही उठाती हूं।' दोस्तों के बारे में सुहाना ने कहा कि वो कम मगर लंबी दोस्ती में भरोसा करतीं हैं।

## जल्द करेंगीं बड़े पर्दे पर डेब्यू

सुहाना जल्द ही अपने पिता के साथ फिल्म 'किंग' से बड़े पर्दे पर डेब्यू करेंगी। रेड चिलीज बैनर तले बन रही ये फिल्म 2026 में रिलीज हो सकती है। फिल्म का टीजर पिछले साल शाहरुख के बर्थडे पर रिलीज हुआ था। सिद्धार्थ आनंद निर्देशित इस फिल्म में शाहरुख और सुहाना के अलावा दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन, अनिल कपूर, जैकी श्रॉफ, अरशद वारसी और रानी मुखर्जी समेत कई कलाकार नजर आएंगे।



# खुद को स्टार नहीं मानते शाहिद?

शाहिद कपूर विशाल भारद्वाज की नई फिल्म ओ रोमियो में नजर आएंगे। यह फिल्म 13 फरवरी को, वैलेंटाइन डे के ठीक पहले सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म का टीजर पहले ही फैंस का दिल जीत चुका है। हाल ही में एक इंटरव्यू में, अभिनेता ने स्टारडम के बारे में खुलकर बात की और साथ ही यह भी बताया कि वह अपने बच्चों को एक सामान्य परवरिश देना चाहते हैं।

शाहिद कपूर पिछले 23 साल से फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं। बहुत बड़ी कामयाबी मिलने के बावजूद, वे खुद को स्टार कहना पसंद नहीं करते। वे खुद को सिर्फ एक्टर कहते हैं। इंटरव्यू में शाहिद ने बताया कि वे स्टार कहलाना क्यों नहीं चाहते। उन्होंने कहा, सबसे बड़ा सबक यह है कि असलीपन खुद को अच्छे से जानने से आता है, दूसरों की उम्मीदों में ढलने से नहीं।

स्टारडम को लेकर शाहिद की राय

शाहिद ने स्टारडम को लेकर कहा, प्रसिद्धि कभी-कभी बोझ बन जाती है और शोर-शराबे में अपनी असलियत भूल जाना आसान हो जाता है। शाहिद का मानना है कि एक एक्टर को सच्चा रहना चाहिए, अपने परिवार और करीबियों से जुड़े रहना चाहिए और काम पर फोकस करना चाहिए। खुद के साथ ईमानदार रहना ही असली सफलता और खुशी का रास्ता है।

## कैसे पिता हैं शाहिद?

शाहिद कपूर एक बहुत अच्छे एक्टर हैं, जो काम और परिवार दोनों को संतुलन में रखते हैं। शाहिद कपूर के परिवार की बात करें तो वे दो बच्चों के प्यारे पापा हैं—बेटी मिशा और बेटा जैन। शाहिद चाहते हैं कि उनके बच्चे जितना हो सके सामान्य जीवन जिएं। वे बच्चों को अपनी स्टारडम के बारे में ज्यादा नहीं बताते। अगर कोई सवाल आता है तो माता-पिता की तरह प्यार से जवाब देते हैं।



# तेजस्वी प्रकाश ने तस्वीरों के जरिए दिखाई अपनी अब तक की शानदार जर्नी

टेलीविजन की मशहूर अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश मनोरंजन जगत में काफी समय से काम कर रही हैं। मंगलवार को अभिनेत्री ने पुराने दिनों को याद किया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में तेजस्वी अपने पुराने सीरियल के किरदार में नजर आ रही हैं। कुछ फोटोज में वे अपने उस समय के लुक में दिख रही हैं, तो कुछ में वे अपने दोस्तों और साथी कलाकारों के साथ नजर आ रही हैं। वहीं कुछ तस्वीरें फोटोशूट की हैं, जहां वे स्टाइलिश और ट्रेंडी कपड़ों में पोज दे रही हैं। ये तस्वीरें उनके सफर की शुरुआत को दर्शाती हैं, जब वे टीवी स्क्रीन पर पहली बार दर्शकों के सामने आई थीं। तस्वीरें शेयर कर अभिनेत्री ने लिखा, 2016 मेरा दिल है और हमेशा ऐसा ही रहेगा। फैंस अभिनेत्री की तस्वीरों को देखते ही ढेर सारे लाइक और कमेंट्स कर रहे हैं। वहीं, कई यूजर्स तरह तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। तेजस्वी प्रकाश 2017 में सोनी टीवी के टीवी सीरियल पहरेदार पिया की में दिया सिंह के तौर पर मुख्य भूमिका में नजर आई थीं, लेकिन बाल विवाह केंद्रित कहानी होने के कारण प्रसारण के कुछ दिन बाद ही सीरियल विवादों में घिर गया था।



# तमिल सुपरस्टार अजित कुमार की रेसिंग जर्नी पर बनेगी डॉक्यूमेंट्री फिल्म

अभिनेत्री नयनतारा और उनके पति, निर्देशक विग्नेश शिवन तमिल सुपरस्टार अजित कुमार को हौसला देनेदुबई ऑटोड्रोम पहुंचे। अजित ने अपनी टीम अजित कुमार रेसिंग के साथ दुबई 24॥ सीरीज नाम की एक बड़ी कार रेसिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इसके कई वीडियो आज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। अजित की रेसिंग जर्नी पर एक डॉक्यूमेंट्री भी बनेगी। कई वीडियो इंटरनेट पर बहुत तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें अजित नयनतारा और विग्नेश शिवन का गर्मजोशी से स्वागत करते दिख रहे हैं। वे उन्हें अपनी टीम के बाकी सदस्यों से मिलवाते हैं और सबके साथ अच्छी बातचीत करते हैं। पिछले हफ्ते म्यूजिक डायरेक्टर अनिरुद्ध ने भी अबू धाबी में अजित से मुलाकात की थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अजित की रेसिंग जर्नी पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बन रही है। इसे निर्देशक ए.एल. विजय बना रहे हैं। यह फिल्म करीब 90 मिनट की होगी और इसका मकसद युवाओं को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करना है। साथ ही, मोटरस्पोर्ट को भारत में लोकप्रिय बनाना है, क्योंकि कई लोग इसे अभी भी अमीरों का खेल मानते हैं। फिल्म में मलेशिया, अबू धाबी और दुबई की रेसों के अलावा अजित की तैयारी, स्ट्रैटेजी मीटिंग्स और प्रैक्टिस सेशन भी दिखाए जाएंगे। यह डॉक्यूमेंट्री अगले साल 1 मई को अजित के जन्मदिन पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# रानी मुखर्जी ने सोशल मीडिया नेगेटिविटी को लेकर साझा की राय

फिल्मों की रिलीज के साथ सोशल मीडिया पर अचानक फैलने वाली नेगेटिविटी आज एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। कई बार रिलीज से पहले ही किसी फिल्म या एक्टर को लेकर माहौल बना दिया जाता है, जिससे लोगों की राय पहले से तय होने लगती है। इसी मुद्दे पर एक्ट्रेस रानी मुखर्जी ने अपने मन की बात रखी है।

रानी मुखर्जी ने कहा ऑडियंस हमेशा सही होती है। मैं आज भी यह नहीं मानती कि ऑडियंस किसी एजेंडे के साथ फिल्म देखने आती है। लोग सिनेमाघर खुले दिल से आते हैं। लेकिन आज के दौर में खासकर सोशल मीडिया की वजह से, फिल्मों और कलाकारों को लेकर एक माहौल बना दिया जाता है। कुछ लोग या ऑडियंस का एक छोटा सा हिस्सा जान-बूझकर नेगेटिविटी फैलाता है। इस बात से मैं वाकिफ हूं। इंसान की फितरत नेगेटिव नहीं होती मैं दिल से मानती हूं कि कोई भी इंसान नेगेटिव नहीं होना चाहता है। हर कोई अच्छ काम करना चाहता है। हर कोई प्यार करना चाहता है। हर कोई बदले में प्यार पाना चाहता है। इसी सोच के साथ मैं भी आगे बढ़ती हूं।

## सोशल मीडिया रिएक्शन पर राय

हां, आज सोशल मीडिया ऐसी जगह बन गया है, जहां लोग सही और गलत समझे बिना तुरंत रिएक्शन दे देते हैं। ऐसे में मैं बस यही दुआ करती हूं कि लोगों को थोड़ी समझ मिले। वह सोशल मीडिया पर एकदम से रिएक्शन की आदत से बचें।

## विजडम बेल बटन होना चाहिए

यह मेरा सुझाव है। सोशल मीडिया पर जैसे लाइक और डिसलाइक का बटन होता है, वैसे ही कुछ लिखने या बोलने से पहले एक सोचने वाला बटन (विजडम बेल) भी होना चाहिए। जिससे इंसान एक पल रुककर सोच सके कि वह जो कहने जा रहा है, वो सही है या नहीं।



# राम गोपाल वर्मा ने धुरंधर 2 और टॉक्सिक के क्लैश को लेकर किया पोस्ट

**राम गोपाल वर्मा ने हाल ही में आदित्य धर की फिल्म धुरंधर की तारीफ की थी। वहीं आज राम गोपाल वर्मा ने यश की फिल्म टॉक्सिक और रणवीर सिंह की धुरंधर 2 की एक ही दिन में रिलीज को लेकर एक खास पोस्ट शेयर किया है। निर्देशक ने इसे धुरोक्सिक नाम देते हुए दोनों फिल्मों को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है।**

## कैसा होगा दो फिल्मों का टकराव?

राम गोपाल वर्मा ने रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 और यश की फिल्म टॉक्सिक के बीच 19 मार्च 2026 को होने वाले बड़े बॉक्स ऑफिस टकराव पर अपनी राय दी है। उन्होंने एक्स पर अपनी राय शेयर की है। निर्देशक ने इसे मजेदार नाम दिया है- धुरोक्सिक। निर्देशक ने लिखा कि यह सिर्फ दो फिल्मों की रिलीज का टकराव नहीं, बल्कि यह भारतीय सिनेमा का प्रलय का दिन होगा।

## कैसी होगी धुरंधर 2

राम गोपाल वर्मा ने धुरंधर 2 को लेकर लिखा, धुरंधर 2 एक यथार्थवादी सिनेमा है। इसमें कहानी असली जिंदगी पर आधारित है। हिंसा इसलिए होती है क्योंकि जरूरत है, न कि सिर्फ दिखावे के लिए। हीरो एक आम इंसान है, जो वक्त आने पर गलती कर सकता है, घायल हो सकता है और हार भी सकता है। फिल्म दर्शकों को भावनाओं से जोड़ती है।

## टॉक्सिक को लेकर राय

वहीं कन्नड़ एक्टर यश की फिल्म टॉक्सिक को लेकर राम गोपाल वर्मा ने लिखा, यह बहुत अवास्तविक फिल्म है क्योंकि इसमें स्टाइल और कूलनेस पहले आती है और लॉजिक बाद में। हिंसा सिर्फ एटीट्यूड दिखाने के लिए है। हीरो बुलेटप्रूफ है, कभी हारता नहीं, दुनिया उसकी पूजा करती है। फिल्म दर्शकों को सिर्फ एक्साइटमेंट देना चाहती है, गहरी भावनाएं नहीं। कैमरा हीरो को भगवान जैसा दिखाने की कोशिश करता है।

## 19 मार्च को होगा फिल्मों का फैसला

19 मार्च को धुरंधर 2 और टॉक्सिक रिलीज के बाद कई सवालों का जवाब देंगी। राम गोपाल वर्मा ने लिखा, क्या आज भी लोग अंधेरे, स्लो-मोशन में चलने वाले हीरो को पसंद करेंगे? या फिर सिर्फ तमाशा दिखाने वाली हिंसा को लोग स्वीकार करेंगे? उन्होंने आगे लिखा, दोनों फिल्में साथ देखना ऐसा होगा जैसे एक तरफ युद्ध का मैदान हो और दूसरी तरफ फैशन शूट। एक फिल्म (धुरंधर) दिल को छूती है और दूसरी (टॉक्सिक) सिर्फ कैमरे के लिए पोज देती है।

## सच्चाई और स्टाइल में किसकी होगी जीत?

राम गोपाल वर्मा ने आगे लिखा, दोनों फिल्मों के बीच जो टकराव है, वो सच्चाई और स्टाइल को लेकर है। राम गोपाल वर्मा ने आगे लिखा, इससे शायद दक्षिण भारतीय फिल्मों वाली नायक पूजा (हीरो को भगवान बनाने की परंपरा) का अंत शुरू हो सकता है। दर्शक अब भगवान नहीं, बल्कि आम इंसान वाला हीरो चाहते हैं। या फिर उल्टा भी हो सकता है।






# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरस्वती वंदन, युवा संवाद और मेगा अभिभावक-शिक्षक बैठक में किया वर्चुअल संवाद

## विद्यार्थियों को दी विभिन्न सौगातें: निःशुल्क साइकिल, ट्रांसपोर्ट वाउचर का वितरण

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर जयपुर के कॉमर्स कॉलेज में सरस्वती वंदन, युवा संवाद और मेगा अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) में वर्चुअल शिरकत की। बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के पावन अवसर पर सरस्वती वंदन युवा विद्यार्थी संवाद मेगा अभिभावक शिक्षक बैठक का वर्चुअल आयोजन जिला कलेक्ट्रेट परिसर सभागार धौलपुर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता व जिला अध्यक्ष भाजपा राजवीर सिंह राजावत के मुख्य आतिथ्य, शिक्षक संघ राष्ट्रीय के देवेश शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, सहायक निदेशक समग्र शिक्षा जयपुर सत्यनारायण, आरएसएस के अनुराग शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजन हुआ। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने सांकेतिक रूप से सरकार की निशुल्क साइकिल वितरण योजनान्तर्गत छात्राओं को साईकिल वितरण की। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं जिनमें निःशुल्क साइकिल, ट्रांसपोर्ट वाउचर और डीबीटी राशि का वितरण का लाभ विद्यार्थियों को मिल रहा है। स्कूलों में सरस्वती वंदना और कृष्ण भोग का आयोजन एवं निपुण मेला के माध्यम से बच्चों की पठन, लेखन और गणना क्षमता को प्रदर्शित किया जाना बेहद शानदार कदम है। उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मंगल, डीईओ माध्यमिक सुक्खो देवी रावत, डीईओ प्राथमिक आरडी बंसल,एडीपीसी समग्र शिक्षा जितेंद्र जादौन ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजस्थान के सभी राजकीय विद्यालयों में मेगा पीटीएम और निपुण मेला आयोजित हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन में 65 लाख अभिभावकों ने हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों से संवाद किया। प्रदेश के सभी पीईईओ व यूसीईईओ विद्यालयों में निपुण मेले का आयोजन किया गया। इसके साथ ही कक्षा 1 से 5 के लिए निपुण राजस्थान कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बच्चों की पठन, लेखन एवं गणना क्षमता को गतिविधियों और प्रदर्शनों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। अभिभावक अपने बच्चों की सीखने की प्रगति को प्रत्यक्ष रूप से समझ सके। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बालिका विद्यालय धौलपुर अर्चना मिश्रा,एपीसी बबिता पाराशर,विशाल गुप्ता,सहायक निदेशक अखिलेश कुमार श्रीवास्तव,अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी रमाकांत शर्मा,पप्पू सिंह सिकरवार,नीरू जैन, कार्यक्रम अधिकारी शिवराम सेन,उप प्राचार्य भगवान सिंह मीना सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, अभिभावक, विद्यार्थी व शिक्षक उपस्थित रहे।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन में 21 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** बिजौलिया किसान आंदोलन के प्रणेता श्री विजय सिंह पथिक की कर्मभूमि बिजौलिया में देव डूंगरी देवनारायण मन्दिर पर गुर्जर समाज के वार्षिक बंधेज पूर्णाहुति व पांचवें निःशुल्क गुर्जर समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में गुर्जर समाज के 21 जोड़ों ने भगवान देवनारायण को साक्षी मानकर वैवाहिक बंधन में बंधकर दाम्पत्य जीवन की शुरुआत की। सम्मेलन में उपस्थित हजारों समाज जनों को मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री धीरज गुर्जर ने संबोधित करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन से समाज का उत्थान होगा।गुर्जर समाज देशभक्त व राष्ट्रभक्त कौम है। मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना ने कहा कि मांडल देवनारायण मंदिर को खुलवाने के लिए वो लगातार प्रयास कर रहे हैं। कोटा सांसद प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल ने गुर्जर समाज से हर क्षेत्र में संगठित होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष विजय सिंह बैंसला, उप जिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर, गुर्जर समाज मांडलगढ़ के अध्यक्ष सत्यनारायण गुर्जर, अखिल भारतीय गुर्जर महासभा प्रदेशाध्यक्ष रामप्रसाद धाभाई व नेवालाल गुर्जर समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## चंबल रेता बजरी भरी 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे अवैध चम्बल रेता खनन व परिवहन की रोकथाम के अभियान व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी डॉ कमल कुमार आरपीएस तथा वृत्ताधिकारी वृत्त बाड़ी महेन्द्र मीणा आरपीएस के सुपरविजन में बसई डांग थानाधिकारी दुर्गासिंह उप निरीक्षक मय पुलिस थाना टीम ने 22 जनवरी को इलाका थाना में अवैध चम्बल बजरी खनन व परिवहन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए अलग अलग स्थानों से 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली चम्बल रेता बजरी भरी हुई को जब्त किया। धारा बीएनएस व वन्य जीव संरक्षण अधिनियम व फोरेस्ट एक्ट में प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है और इलाका थाना क्षेत्र में अवैध रेता बजरी परिवहन करने वालों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान जारी है।

## जानलेवा मारपीट के आरोपी को 5 वर्ष का कारावास

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** करीब 6 साल पुराने जानलेवा मारपीट के मामले में जिला व सेशन न्यायालय धौलपुर ने एक आरोपी को 5 साल के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उसे 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। डीजे कोर्ट के लोक अभियोजक शैलेंद्र मथुरिया ने बताया कि मामला 26 दिसंबर 2019 का है। जिसमें धौलपुर जिले के राजाखेड़ा थाने में गढ़ी करीलपुर निवासी सिरनाम उर्फ सिन्नाम पुत्र दिमान सिंह ठाकुर ने जानलेवा मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया था। थाने में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 26 दिसंबर की रात्रि को करीब 9:00 बजे वह अपने खेतों पर जानवरों से फसलों की रखवाली कर रहा था। तभी अचानक गायों का एक झुंड आया और पड़ोसी कल्ली उर्फ कल्याण सिंह के खेतों की ओर चला गया। जिसने यह कहते हुए लाठी से जानलेवा मारपीट की कि गायों को मेरे खेतों की ओर क्यों भगा रहा है। मामले को लेकर दर्ज मुकदमे में शुक्रवार को सुनवाई करते हुए जिला एवं सेशन न्यायालय धौलपुर के न्यायाधीश संजीव मांगो ने दोषी पाए जाने पर कल्ली उर्फ कल्याण सिंह पुत्र हेत सिंह ठाकुर निवासी गढ़ी करील थाना राजाखेड़ा को 5 साल के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उसे 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं जुर्माना नहीं चुकाने पर आरोपी को 1 माह का अतिरिक्त कारावास और भुगतना पड़ेगा।

## यूरिया की किल्लत व कालाबाजारी की खबर भ्रामक, जांच में निराधार साबित


जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** सैपऊ क्षेत्र में खाद्य उर्वरक यूरिया की किल्लत, व्यापारियों की ओर से कालाबाजारी किए जाने से संबंधित प्रसारित समाचार की कृषि विभाग की ओर से तथ्यात्मक जांच कराई गई। जांच में उक्त खबर पूर्णतः भ्रामक व निराधार पाई गई। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार प्रभुदयाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि समाचार की सत्यता की जांच के लिए सहायक निदेशक कृषि बबलू त्यागी को मौके पर भेजा गया। जांच के दौरान वीडियो में दिखाई देने वाले व्यक्ति भोलाराम परऊआ से पूछताछ की गई, जिसने स्वयं स्वीकार किया कि वह मूलतः कृषक होने के साथ-साथ दूध डेयरी का संचालन करता है। उसके अनुसार उसने 18 जनवरी को डेयरी पर रहते हुए यूरिया की कथित कालाबाजारी व अधिक दर वसूली से संबंधित वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित कराया। जांच अधिकारी ने वीडियो में दिखाई देने वाले अन्य व्यक्तियों से कथित कालाबाजारी करने वाले व्यापारी का नाम पूछे जाने पर कोई भी व्यक्ति कोई प्रमाण या स्पष्ट जानकारी नहीं दे सका। इससे यह सिद्ध होता है कि वीडियो मनगढ़ंत, दुर्भावनापूर्ण एवं अफवाह फैलाने के उद्देश्य से तैयार किया गया था। संयुक्त निदेशक प्रभुदयाल शर्मा ने स्पष्ट किया कि जिले में खाद की कोई कमी नहीं है तथा किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि रबी फसल सीजन के लिए जिले में कुल 28,900 बैग की मांग के सापेक्ष 15 जनवरी तक 28,769 बैग यूरिया की आपूर्ति उपलब्ध कराई जा चुकी है। वहीं सैपऊ क्षेत्र में 4,700 बैग की मांग के विरुद्ध 5,014 बैग की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे किसी भी भ्रामक खबर या अफवाह पर ध्यान न दें और खाद से संबंधित किसी भी समस्या की जानकारी सीधे विभागीय अधिकारियों को दें, ताकि समय पर समाधान किया जा सके।

## लापरवाही: बिजली के खंभे की दीवार में चिनाई कर अतिक्रमण, हादसे का डर

### ग्रामीणों ने बिजली चोरी का लगाया आरोप

जयपुर टाइम्स





**सुमेरपुर(निस)।** गांवों में सरकारी भूमि के साथ बिजली खंभों को भी नहीं छोड़ रहे हैं उस पर भी अतिक्रमण किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला सुमेरपुर तहसील के गांव पोयणा में सामने आया है जहां बिजली के खंभे को अपने मकान की दीवार में चिनाई कर उसे पैक कर दिया और वहां पर लाइनमैन के साथ डिस्कॉम के अधिकारियों से साठगांठ कर वहां पर लोहे की एंगल लगा दी। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने जोधपुर विद्युत विभाग सुमेरपुर को ज्ञापन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि कोरटा जीएसएस के अंतर्गत गांव पोयणा स्थित रावला गली में लीला भारती पुत्र भीमा भारती ने बिजली के खंभे पर अतिक्रमण करते हुए अपने मकान की दीवार में पूरी तरह से दफना दिया है। लीला भारती ने मकान के परिसर में मौजूदा बिजली लाइन के खंभे पर अतिक्रमण करने की नियत से दीवार में चनाई कर दी है। जिससे सुरक्षा खतरा पैदा हो गया है जोकि चर्चा का विषय बना हुआ है। मकान मालिक लीला भारती ने दीवार के भीतर ही खंभे पर अतिक्रमण कर लिया है। बिजली पोल को नुकसान पहुंचाना और उस पर अतिक्रमण करना एक कानून की श्रेणी में आता है। और जनता की सुरक्षा पर भी सवाल खड़ा कर रहा है। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने जोधपुर डिस्कॉम को ज्ञापन देकर बताया कि सुरक्षा खतरा उच्च तनाव लाइनों के निकट होने के कारण बिजली दुर्घटनाओं, शॉर्ट सर्किट या आग लगने का खतरा होने की संभावना है, साथ ही रखरखाव में नियमित मरमत या आपातकालीन के लिए खतरा साबित हो सकता है और खंभे तक पहुंचने के लिए बिजली कर्मचारियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली खराब होने पर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बिजली तार टूटने, रिसाव होने की स्थिति में ग्राम वासियों को पूरा खतरा बना हुआ है। दीवार में खंभे की चुनाई करने पर बिजली चोरी की संभावना जताई जा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि बिजली चोरी की आशंका बनी हुई है, जिसमें आटा चक्की मसाला ग्राइंडर का उपयोग किया जा रहा है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर मानकों को ध्यान में रखते हुए डिस्कॉम के अधिकारियों से तुरंत प्रभाव से उचित कार्रवाई की मांग की है। दीवार में पैक किए गए बिजली पोल को अतिक्रमण से मुक्त करने की मांग रखी है।

## एसएन महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता सेमिनार

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन व सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से यातायात पुलिस के सहयोग से एस एन कॉलेज ऑफ़ साइंस में सेमिनार का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत सेमिनार को संबोधित करते हुए परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत ने कहा कि विद्यार्थी वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें और कभी भी बिना लाइसेंस के वाहन ना चलाएं। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में जो भी विद्यार्थी वाहन से आते हैं वह लाइसेंस का प्रयोग जरूर करें। महाविद्यालय प्रशासन भी इस बात का ध्यान दें जो विद्यार्थी बिना हेलमेट के वाहन लेकर आते है। उन्हें महाविद्यालय में प्रवेश न दें। उन्होंने विद्यार्थियों को गुड़ सिमरिटर्न के रूप में पहचान स्थापित करने की नसीहत दी। न्याय दर्शन संस्था के सचिव रंजीत दिवाकर ने लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। सेमिनार में रिचा शर्मा, मधुबन शर्मा, विनोद परिहार गौरव शर्मा, गजाधर,आमिर, हुकम सिंह, गौरव गोयल, चेतन शर्मा, सूरज तोमर, अभिषेक बंसल व अनूप शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंचासीन अतिथियों ने बसंत पंचमी के मां वीणा वादिनी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरुआत की। यातायात पुलिस ने आदर्श विद्या मंदिर स्कूल हाउसिंग बोर्ड में यातायात नियम की जानकारी दी। जिला यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि आप यह न सोचें कि आपका यातायात पुलिस की ओर से चालान नहीं किया जाएगा। आप विद्यार्थी हैं, यह सोचकर यातायात पुलिस कर्मी आपका चालान नहीं करते इसका तात्पर्य यह कदापि नहीं है कि आप यातायात नियमों की अव्हेलना करें। वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें और बिना लाइसेंस के वाहन ना चलाएं।

## दिव्यांगजन की विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर धरना

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** धौलपुर जिला कलेक्ट्रेट परिसर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एकत्रित हुए। दिव्यांगजनों ने शांतिपूर्ण तरीके से धरना-प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी.टी. को अपनी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से दिव्यांगजनों ने बताया कि उन्हें पेंशन, राशन, स्कूटी, ई-रिक्शा सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और पूरी तरह नहीं मिल पा रहा है। कई दिव्यांगजनों ने पेंशन की राशि बढ़ाने, लंबित पेंशन मामलों का शीघ्र निस्तारण करने तथा नियमित रूप से राशन उपलब्ध कराने की मांग की। दिव्यांगजनों का कहना था कि राज्य सरकार की ओर से दिव्यांगों के लिए चलाई जा रही योजनाएं कागज़ों तक सीमित रह गई हैं। पात्र होने के बावजूद कई लोगों को दिव्यांग स्कूटी एवं ई-रिक्शा योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनके रोजगार और दैनिक जीवन में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं।

प्रदर्शन के दौरान दिव्यांगजनों ने प्रशासन से यह भी मांग की कि सरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों और परिवहन व्यवस्था में दिव्यांगों के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि सुविधाओं के अभाव में उन्हें आए दिन परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी.टी. ने ज्ञापन प्राप्त कर दिव्यांगजनों को उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों की जांच कर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश देने की बात कही। धरना-प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए दिव्यांगजन शामिल हुए। प्रदर्शन के बाद दिव्यांगजन अपनी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई की उम्मीद के साथ लौट गए।

## सुभाष चंद्र बोस की जयंती व बसन्त उत्सव मनाया




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** बसंत पंचमी पर अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा धौलपुर की ओर से हरदेव नगर पर मां सरस्वती का पूजन कार्यक्रम किया व सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि चंद्रकांत सक्सेना विशिष्ट अतिथि सुरेन्द्र श्रीवास्तव व अंजू श्रीवास्तव रही, राजरानी स्कूल की छात्राओं ने मां वीणा वादिनी की प्रार्थना गाई, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा के प्रदेश अध्यक्ष दयाकांत सक्सेना ने कहा कि सरस्वती देवी की पूजा भारत और अन्य हिंदू देशों में व्यापक रूप से की जाती है, विशेष रूप से वसंत पंचमी का दिन उनका प्राकट्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। इन्हें ज्ञान और शिक्षा की देवी के रूप में पूजा जाता है, कार्यक्रम को राष्ट्रीय सचिव अशोक कुलश्रेष्ठ व सुरेंद्र श्रीवास्तव ने सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला, कार्यक्रम में महिला शक्ति के रूप में समाजसेविका अंजू श्रीवास्तव को शॉल पहना कर, माला डालकर व प्रमाण पत्रदेकर सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में महावीर कुलश्रेष्ठ, अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना, मनोज सक्सेना, दिबाकांत सक्सेना, मनीष श्रीवास्तव, राजेश कुलश्रेष्ठ, योगेश कांत, नीरज गोस्वामी, बंटी परमार, दर्शन सिंह परमार, गणेश कुमार ठाकरे मुन्ना खान, जितेन शर्मा, मुन्नी देवी, यीशु कांत, पायल श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे ।

## निःशुल्क उपचार से नई जिंदगी: आरबीएसके बना धौलपुर के बच्चों के लिए जीवन रक्षक

### कमजोर परिवारों के बच्चों को मिला स्वस्थ भविष्य

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** आर्थिक अभाव कभी इलाज की राह में सबसे बड़ी बाधा बन जाता है, लेकिन जब सरकारी योजनाएं संवेदनशीलता और समर्पण के साथ धरातल पर उतरती हैं, तो वही बाधाएं उम्मीद में बदल जाती हैं। धौलपुर जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) ने ऐसा ही एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है, जहाँ बीमार बच्चों को समय पर जांच, निःशुल्क उपचार और जटिल ऑपरेशनों के माध्यम से नया जीवन मिला है। जिले में कार्यरत आरबीएसके की 8 विशेष टीमें प्रतिदिन स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और मदरसों में जाकर बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर रही हैं। इन टीमों का एकमात्र उद्देश्य है बीमारी की समय रहते पहचान और बिना किसी आर्थिक बोझ के उपचार सुनिश्चित करना। इसी सतत प्रयास का परिणाम है कि अप्रैल 2025 से दिसंबर 2025 तक 60,540 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई। आरबीएसके की सक्रियता ने कई परिवारों की जिंदगी बदल दी। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. शिवकुमार शर्मा के अनुसार, इस अवधि में 5 ऐसे बच्चों की पहचान की गई जिनके दिल में छेद था। ये बच्चे अत्यंत कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि से थे और इलाज कराना उनके लिए असंभव था। आरबीएसके टीमों के समन्वय से इन बच्चों के ऑपरेशन जयपुर और गुजरात के प्रतिष्ठित चिकित्सालयों में निःशुल्क कराए गए। सफल ऑपरेशन के बाद आज ये सभी बच्चे सामान्य और स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। लाखों रुपये के ऑपरेशन, परिवारों पर शून्य खर्च केवल हृदय रोग ही नहीं, बल्कि 11 बच्चों के कटे होंठ-तालु व क्लब फुट जैसे जटिल जन्मजात दोषों के ऑपरेशन भी निःशुल्क कराए गए। इसके अतिरिक्त 1372 बच्चों को उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर किया गया, जहाँ उनका उपचार पूरी तरह निशुल्क किया जा रहा है। इन उपचारों पर आने वाला खर्च लाखों रुपये में है, लेकिन आरबीएसके के माध्यम से परिवारों को एक भी रुपया नहीं देना पड़ा। आरबीएसके के अंतर्गत बच्चों की 41 प्रकार की बीमारियों की जांच व उपचार किया जाता है, जिन्हें जन्मजात दोष, बीमारियां, विकास में देरी एवं निशक्तता तथा किशोर स्वास्थ्य की श्रेणियों में शामिल किया गया है। एनीमिया, थैलेसीमिया, क्षय रोग, जन्मजात मोतियाबिंद, बहरापन जैसी गंभीर समस्याओं की समय पर पहचान कर बच्चों को उपचार से जोड़ा जा रहा है। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा के निर्देशन में आरबीएसके टीमों के कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जिले का कोई भी बच्चा इलाज के अभाव में पीड़ित न रहे।

### नाम परिवर्तन

मेरा पूर्व के दस्तावेजों में नाम अचाना देवी पत्नी मोहन सिंह अंकित नाडी है। वर्तमान में मेरा नाम अजन कंवर बाजे पत्नी स्वः मोहन सिंह लेसनायक 8004104 निवासी राजपूतो का मोहल्ला चर्ना काजीपुरा तहसील फुलेरा जिला- जयपुर के नाम से अंकित है। मुझे इसी नाम से जाना जाए।

### कार्यालय ग्राम पंचायत ठिकरिया, पंचायत समिति पावटा (कोटपूतली बहरोड)

क्रमांक :- ग्रा.पं. ठिं/निविदा/2025-26/05 दिनांक : 19/01/2026

**ई-निविदा सूचना 2025-26**

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति पावटा के अधिनस्थ ग्राम पंचायत ठिकरिया में नियम 181 के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम, एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ए, बी एवं सी तथा डी व ई श्रेणी के संवेदकों से खुली निविदा के माध्यम से (डिफेक्ट लाइबिलिटि पिरीयड दो वर्ष) एक कार्य के लिए मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्ते एवं जी-शिड्यूल एवं अन्य सूचनाओं विस्तृत जानकारी http// sppp.rajasthan.gov.in/ www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN = ZJP2526WSRC02217

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत ठिकरिया**
**पं.स.पावटा (कोटपूतली हरोड़)**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत ठिकरिया**
**पं.स.पावटा (कोटपूतली हरोड़)**

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
24 जनवरी, 2026

# राधेगोविंद नर्बदेश्वर महादेव मंदिर में पाटोत्सव, श्रद्धा और भक्ति का उमड़ा सैलाब





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सीकर रोड स्थित न्यू लोहा मंडी रोड के राधेगोविंद नर्बदेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत विशाल पाटोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन मंदिर की तृतीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भी आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य बसंत पंचमी पर्व पर धार्मिक अनुष्ठानों व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करना रहा। मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया, जहां फूल बंगला झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही।

## श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं:

आयोजन समिति के अध्यक्ष रामपाल सिंह जादोन ने बताया कि पाटोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दर्शन, भजन कार्यक्रम एवं प्रसादी वितरण की विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। कार्यक्रम के समापन पर हजारों श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। इस अवसर पर समिति सचिव अशोक सैनी, कोषाध्यक्ष बजरंग शर्मा, संरक्षक मंडल से कमलेश शर्मा, राजेन्द्र गुप्ता सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। बसंत पंचमी के इस पावन अवसर पर आयोजित पाटोत्सव ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक विरासत और सामूहिक सहभागिता की अनुपम झलक भी प्रस्तुत की।

## भजनों से बना भक्तिमय माहौल:

कार्यक्रम संयोजक सर्वेश्वर शर्मा ने बताया कि पाटोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय भजन प्रवाहक संतोष व्यास की ओर से भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियां दी गईं। भजनों के माध्यम से मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण निर्मित हो गया, जिसमें श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आए।

## जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति:

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंजू शर्मा व विशिष्ट अतिथि के रूप में गोपाल शर्मा उपस्थित रहे। इसके अलावा भाजपा उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, घुमंतू जाति कार्य के महानगर प्रमुख राकेश शर्मा, उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने आयोजन में शिरकत की।

## शिक्षा से सुधरता है तीन पीढ़ियों का भविष्य : धर्म सिंह



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव मलसीसर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। जिसमें दो से अधिक अभिभावकों ने अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति जानी। इस दौरान प्रधानाचार्य धर्म सिंह मीना ने अभिभावकों को छात्रों की प्रगति के संबंध में जानकारी दी और अभिभावकों से विद्यालय की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए सुझाव लिए। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्या या शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे हम तीन पीढ़ियों का भविष्य सुधार सकते हैं। इस अवसर पर रूघाराम नेहरा, रोहित किलका, आरिफ हसन, सुशीला मीना, गोगा ढाका, विमला , सांवरमल प्रजापत सहित अनेक अभिभावक मौजूद रहे।

## पेंशनर समाज की बैठक का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पेंशनर समाज शाखा की स्थानीय शाखा की मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पांच पेंशनरों का जन्म दिवस मनाया गया। कर्मचारी कल्याण केंद्र में हुई बैठक में पेंशनर विद्याधर पारीक, राम चंद्र जाट, विमल कुमार शर्मा, हुकमी चंद भोजक, विनोद कुमार सोनी जन्मदिन मनाया। बैठक में अध्यक्ष रेखाराम मेहरड़ा, मंत्री सुरजराम डाबरिया, बजरंग लालनाई, श्यामसुंदर माली, ओंकारा राम, श्रवण कुमार सोनी, नरेंद्र भाटी, आनंदी लाल सोनी, रंजीत कुमार नाई, हाकम अली खां, दिने खा कायमखानी, सुखलाल सोनी, श्रवण कुमार स्वामी उपस्थित रहे। दिने खां कायमखानी के उमरा कर आने पर सभी ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

## धरने पर भाजपा पार्षदों ने शुरू किया क्रमिक अनशन




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नगरपरिषद के कनिष्ठ अभियंता को एपीओ या स्थानान्तरण करने की मांग को लेकर नगरपरिषद कार्यालय के सामने भाजपा पार्षद रेवंत मल पंवार की भूख हड़ताल पांचवें दिन भी जारी रही। शुक्रवार को धरने के 19 वें दिन पार्षद प्रतिनिधि प्रेम स्वामी व गणेश मंडावरिया भी क्रमिक अनशन पर रहे। धरने पर पार्षद हरिओम खोड़, पन्नालाल सोनी, प्रेम स्वामी, नरेन्द्र प्रजापत, राकेश तंवर, लीलाधर खंडेलवाल, रविन्द्र पांडे, बसंत दाधीच, राजकुमार बागड़ा, प्रदेश वाल्मीकि, राजू तेजी, हीरालाल तेजी, रामस्वरूप बारवासा, नोरतन तेजी, राजकुमार तंवर आदि मौजूद रहे।

## नि:शुल्क बीएमडी जांच शिविर, 51 मरीजों की जांच

जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना(निस)।** जांगिड़ हॉस्पिटल व सेंटर, नीमकाथाना में मंगलवार को नि:शुल्क बीएमडी (बोन मिनरल डेंसिटी) जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दूर-दराज क्षेत्रों से आए 51 मरीजों की अस्थि घनत्व की नि:शुल्क जांच की गई। शिविर में वरिष्ठ हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश जांगिड़ और दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. मौसमी जांगिड़ ने मरीजों की जांच कर परामर्श दिया। जिन मरीजों की बीएमडी रिपोर्ट सामान्य से कम पाई गई, उन्हें कैल्शियम व विटामिन डी-3 की गोलियां नियमित रूप से लेने की सलाह दी गई। चिकित्सकों ने मरीजों को संतुलित आहार अपनाने पर जोर देते हुए फल, हरी सब्जियां, मेवे, खजूर आदि का सेवन करने की सलाह दी। साथ ही प्रतिदिन धूप सेवन को आवश्यक बताते हुए कहा कि धूप से शरीर में विटामिन डी-3 का प्राकृतिक संश्लेषण होता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाता है। इसके अतिरिक्त मरीजों को ध्यान, योग व नियमित व्यायाम करने की सलाह दी गई, जिससे हड्डियों, जोड़ों व मांसपेशियों को सुदृढ़ रखा जा सके। चिकित्सकों ने बताया कि बीएमडी स्तर कम होने से कमर दर्द, जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी, थकान तथा हड्डियों के आसानी से टूटने की आशंका बनी रहती है। शिविर के सफल आयोजन में रमेश, दीपेंद्र, तेजवीर, रोहन, रणवीर, रामस्वरूप, समर्थ सहित अन्य सहयोगियों का योगदान सराहनीय रहा। जांगिड़ हॉस्पिटल व ट्रॉमा सेंटर में यह नि:शुल्क बीएमडी जांच शिविर प्रत्येक माह की 23 तारीख को आयोजित किया जाता है।



विद्यालय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही सशक्त होगा भविष्यः सहारण

## गोयनका विद्यालय में निपुण मेला व मेगा पीटीएम, छात्राओं को साइकिले प्रदान

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार शुक्रवार को प्रदेश के सभी विद्यालयों में मेगा पीटीएम व निपुण मेले आयोजित किए गए। इसी क्रम में जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में शुक्रवार को जिले के सभी विद्यालयों में मेगा पीटीएम आयोजित की गई। इसी क्रम में जिला मुख्यालय स्थित गोपीराम गोयनका राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित मेगा पीटीएम व निपुण मेले में चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों ने शिरकत कर विद्यार्थियों व अभिभावकों से संवाद किया। अतिथियों ने मां सरस्वती व नेताजी सुभाषचंद्र बोस के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संदेश प्रसारण किया गया। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि विद्यालय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही भविष्य सशक्त होगा। शिक्षा का कोई बंटवारा नहीं होता, शिक्षा सबके लिए समान रूप से आवश्यक है। विद्यार्थी अनुशासन, नियमित अध्ययन व सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें और अपने सपनों को साकार करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा



कि विद्यार्थी किताबी ज्ञान के साथ नैतिक मूल्यों, व्यवहारिक ज्ञान और आत्मविश्वास भी विकसित करें। जिला कलक्टर ने विशेष रूप से विद्यालयों में पुस्तकालयों को सक्रिय रखने और विद्यार्थियों में नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने पर जोर दिया। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग किया जाएगा। सीडीईओ संतोष महर्षि ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होता है जब विद्यालय, अभिभावक और विद्यार्थी के बीच निरंतर संवाद बना रहे। प्रधानाचार्य ओमप्रकाश फगेड़िया ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यालय में स्मार्ट क्लास स्थापित करने के लिए भामाशाह ओमप्रकाश गौतम, आईडीबीआई बैंक प्रबंधक जसविंदर सिंह और विद्यालय स्टाफ को सम्मानित किया। भामाशाहों ने विद्यालय में 05 स्मार्ट क्लास तैयार करवाए हैं। अतिथियों ने विद्यालय में प्रभा खेतान फाउंडेशन की ओर से संचालित पुस्तकालय, निपुण मेले में विद्यार्थियों की ओर से बनाए गए प्रोजेक्ट का अवलोकन किया और विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। इसी के साथ विधायक निधि से निर्मित टीन शेड निर्माण का लोकार्पण भी किया। अतिथियों ने 23 छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल प्रदान की। पीटीएम में विद्यालय की तीन छात्राएं द्रोणा चौधरी, आयशा और प्रज्ञा ने अतिथियों से संवाद किया और विद्यालय में शैक्षिक व सहकृशैक्षिक गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान ओमप्रकाश तंवर, अभिषेक चोटिया, भास्कर शर्मा, सुनील ढ़ाका, हरिप्रसाद सैनी, रामजीलाल, हरिराम, मोहसिन खान, दीपिका, सुमन महेंद्र, राजकुमार, नेहा, निर्मला, संजय, नरेश, विजयपाल, बन्नेसिंह लांबा, अमर सिंह, विक्रम स्वामी और यूसीईईओ अंतर्गत संचालित विद्यालय के संस्था प्रधान रूप सिंह, विमला पूनिया, पवन, गायत्री, मणिराज बिठू, सुरेंद्र, रजनीश, कार्तिक, सचिन सहित विद्यालय क्रीड़ा संगम के समस्त स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुशील तंवर और हेमंत वर्मा ने किया।

## विधायक रीटा चौधरी ने किया लाइब्रेरी का उद्घाटन




जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** ढ़िंगाल तिराहे के निकट शुक्रवार को विद्या सदन लाइब्रेरी का विधायक रीटा चौधरी ने उद्घाटन किया। उन्होंने फीता काटकर पुस्तकालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि यह पुस्तकालय क्षेत्र के मेधावी और प्रतिभावान युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। यह उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए शांत, आधुनिक और सुव्यवस्थित अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराएगा। लाइब्रेरी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को संदर्भ पुस्तकें, उपयोगी अध्ययन सामग्री और अन्य शैक्षणिक संसाधन एक ही स्थान पर उपलब्ध कराएगी। यह विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास, ज्ञानवृद्धि और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। आरम्भ में आचार्य बीएल भादूपोता ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना सम्पन्न करवाई । इस कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन सज्जन मिश्रा, नगर पालिकाध्यक्ष नरेश सोनी, गणपत सिंह मौजास, कैलाश लाहोरा,कांग्रेस नेता एसपी दूलङ दुलङमोहनलाल मोची, सिकन्दर फुगा,मास्टर बजरंग टोडरवास, अयूब भाटी, प्यारेलाल सुमन,नबाव खत्री, राजेश कुलहरी, गोपालराम चावरिया, मोनू पूनिया, राहुल जाखङ राकेश आर्य, रमेश बाड़ेवाला, कमलेश मिश्रा, पंकज शर्मा और दिनेश काला सहित कई जनप्रतिनिधि तथा नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक राधेश्याम भाटिया व विक्रम भाटिया आदि ने मेहमानों का स्वागत कर आभार जताया।

## बसंत पंचमी पर प्रवीण स्कूल में दिखी पीली आभा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम






जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** प्रवीण सीनियर सैकंडरी स्कूल में बसंत पंचमी का पावन पर्व धार्मिक आस्था, भारतीय संस्कृति और परंपराओं के अनुरूप हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को पीले रंग के फूलों, रंगोली और आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया, जिससे पूरा वातावरण बसंती रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विद्या, बुद्धि, विवेक और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूजा-अर्चना के दौरान विद्यालय परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा।

### *सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मनः*

*बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने भजन, समूह नृत्य एवं देशभक्ति गीतों की सुंदर प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों में भारतीय संस्कृति और संस्कारों की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली*

### पर्व के महत्व पर डाला प्रकाश:

इस अवसर पर शिक्षकों ने बसंत पंचमी के धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व ज्ञान, सृजन और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में भारतीय परंपराओं के प्रति सम्मान, सांस्कृतिक चेतना और आपसी एकता की भावना को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी गईं। पूरे विद्यालय परिसर में उल्लास, उत्साह और धार्मिक भावना का वातावरण बना रहा।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## कठपुतली नृत्य व नुक्कड़ नाटक से दिया संदेश



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव आबसर स्थित राजकीय उच्च मा. विद्यालय में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत साक्षरता के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए नुक्कड़ नाटक व कठपुतली का प्रदर्शन किया गया। साक्षरता ब्लॉक समन्वयक दुर्गा शर्मा ने बताया कि कलाकार सुरेन्द्र भाट की ओर से कठपुतली का प्रदर्शन किया गया। जिसमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह रोकथाम, साक्षरता, पर्यावरण संरक्षण, भ्रुण हत्या रोकने का संदेश दिया गया। पीईईओ विक्रम डोकवाल के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में अनेक ग्राम वासी मौजूद रहे।

## यादव छात्रावास नीमकाथाना में पूर्व केंद्रीय मंत्री डी.पी. यादव का भव्य स्वागत

जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना(निस)** यादव छात्रावास परिसर में मंगलवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री व उत्तर प्रदेश से लोकसभा सदस्य रहे डी.पी. यादव का यादव समाज नीमकाथाना की ओर से भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया। समाज अध्यक्ष एडवोकेट अनिरुद्ध यादव ने साफा पहनाकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर एडवोकेट अनिरुद्ध यादव ने कहा कि डी.पी. यादव का नीमकाथाना क्षेत्र से गहरा और आत्मीय संबंध रहा है। वे खंडेला में आयोजित एक निजी



कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे, इस दौरान नीमकाथाना सहित विभिन्न स्थानों पर समाज के लोगों की ओर से उनका स्वागत किया गया। यादव छात्रावास परिसर में आयोजित कार्यक्रम में समाज की ओर से वरिष्ठजन व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रणवीर सिंह यादव (अधीक्षक), डी.पी. यादव, रमेश (प्रिंसिपल), कन्हैया लाल यादव, इंद्राज यादव, हरफूल यादव, धर्मपाल गुरुजी, महेश यादव, प्रेम यादव, सत्यनारायण यादव (एडवोकेट), डॉ. गुमान सिंह, पूरन यादव, कैप्टन बलदेव, रतन यादव, विजय मेहता, मनोज यादव, सतीश यादव, एडवोकेट राजीव, एडवोकेट संजय सहित यादव समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज के उत्थान, शिक्षा व सामाजिक एकता पर चर्चा की गई और अतिथि का आभार व्यक्त किया गया।

## प्राचार्य ने बताया मतदान का महत्व



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय एमबीएम राजकीय कन्या महाविद्यालय में पीटीएम निपुण मेला का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस दौरान ईएलसी की ओर से राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में माई इंडिया माई वोट के तहत रंगोली व प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं को निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य डॉ. प्रेम बाफना ने मतदान का महत्व बताया। इस दौरान स्टाफ सदस्य व छात्राए मौजूद रही।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने गायों को गुड़ खिलाया



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष एडवोकेट अनूप खण्डेलवाल की अध्यक्षता में तारानगर की बालाजी गौ सेवा समिति व गौ चिकित्सालय में विभिन्न कार्यक्रम हुए। अध्यक्ष खंडेलवाल ने बताया कि बसंत पंचमी पर, भारतीय जनता पार्टी के नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये जाने पर एवं महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम हुए जिसमें गायों को गुड़ व सवामणी का प्रसाद खिलाया। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष (अल्पसंख्यक मोर्चा) जमरदीन तेली, पार्षद अशोक जांगिड़, भंवरलाल पूनिया, रामकिशन कुलड़िया, मुकेश महर्षि, नंदू पटीर, जे.के. दायमा, सेठी पैंटर, सहित भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों व पुरस्कार वितरण के साथ सरगम का समापन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** राजकीय लोहिया महाविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय सरगम 2026 का समापन शुक्रवार को विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों व पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्रो. एल. एन. आर्य व प्रो. सुरेन्द्र डी. सोनी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजु शर्मा ने की। इस दौरान सांस्कृतिक समिति की संयोजक डॉ. रूपा शेखावत व वरिष्ठ संकाय सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रो. एल. एन. आर्य ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में पढ़ने-लिखने व अनुशासन का ध्यान रखते हुये अपने कैरियर की उंचाइयों को छूने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि जीवन में एक सजग विद्यार्थी को अपने में कला विकसित करनी चाहिए, ताकि वह अपने व्यक्तित्व का विकास कर सके। प्रो. सुरेन्द्र डी. सोनी ने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में नैतिक व सांस्कृतिक मूल्यों को विकसित कर हमें समाज व देशहित में अपना अमूल्य योगदान देना चाहिए। प्राचार्य डॉ. मंजु शर्मा ने महाविद्यालय की सांस्कृतिक, साहित्यिक, खूलकूद, शैक्षणिक व विभिन्न प्रकोष्ठों की उपलब्धियों को सम्मिलित करते हुए वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान विचित्र वेशभूषा, युगल गायन, लघु नाटिका व एकल नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विचित्र वेशभूषा में योगिता जांगिड़ प्रथम व फैजल द्वितीय, युगल गायन में हर्षित सोनी तथा दृष्टि शर्मा प्रथम व फैलज व जैतुन बानो द्वितीय, लघु नाटिका में यशवेन्द्र सोनी ग्रुप प्रथम व प्रीति शर्मा ग्रुप द्वितीय और एकल नृत्य में रौनक प्रजापत प्रथम और ममता ढ़ाका द्वितीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, रोवर व रेंजर में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिह्न प्रदान कर पुरस्कृत किया। प्रतियोगिताओं में डॉ. सरोज हारित, डॉ. धीरज कुमार बाकोलिया, सुमित कुमार डाबी, रविन्द्र कुमार शर्मा, लाल चन्द चाहर, वन्दना कुमारी, डॉ. अशोक कुमार, सुखवीर, रमेश कुमार, अजय तंवर, सुचित्रा मांझू व रहमत बानो ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में संचालन प्रो. उम्मेद सिंह गोठवाल, प्रो. आशीष शर्मा व पूजा प्रजापत ने किया।

# जुराब पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव भादासर दिखणादा के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क जुराबें वितरित कर एक अनूठी पहल की गई। विद्यालय के मीडिया प्रभारी रविन्द्र पूनियां ने बताया कि विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिषेक शर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में शिक्षिका प्रियंका कासनिया व प्रेमलता चौधरी की ओर से सभी बच्चों को निःशुल्क जुराबें वितरित की गई। इसके बाद मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों के साथ विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, सह- शैक्षणिक गतिविधियों व व्यवहारगत पक्षों पर संवाद किया गया। इस अवसर पर राजेश मीणा, गिरधारी लाल, प्रेमलता चौधरी, नीतीश बेनिवाल, विकाश पारीक, कुसुमलता शर्मा, प्रियंका कासनिया, सिलोचना, दलीप जाखड़, केशुराम स्वामी, सविता पूनियां, संतोष मीणा, दिनकर जांगिड़, ममता स्वामी, गोमती देवी, रामस्वरूप स्वामी, ओमप्रकाश जाखड़ आदि उपस्थित रहे।


**प्ररूप संख्यांक 1 क**
**समाचार पत्र में विज्ञापन द्वारा तामीली के लिए समन / नोटिस**
**( आदेश 5 के नियम 10 )**

**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी महोदय**
**चूरू (राज.)**

| | | |
|---|---|---|
| न.मु. | सन | तारीख पेशी |
| भवानी सिंह | बनाम | अनीस गौरी आदि |
| (वादी) | | (प्रतिवादीगण ) |

**वास्तें :-**

वादी ने एक दावा कृषि भूमि खसरा न. 63 तादादी 7. 9799 है., खसरा न. 8 तादादी 2.0866 है. रोही मौजा रामसरा तहसील व जिला चूरू में चले आ रहे अपने 36/4975 हिस्सा के लिये घोषणात्मक एवं विभाजन हेतु संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 5/2/26 को दिन में 10.30 ए. एम. बजें दिन के व्यक्तिशः या वकील द्वारा जो कि मुकदमें हाल से परिचित किया गया है, मुकदमें से सम्बधित समस्त महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो प्रश्न का उत्तर दे सके, उपस्थित होने के लिये आमंत्रित किया जाता है। ज्ञात रहे कि उपरोक्त तारीख को आप उपस्थित न हुये तो आपकी अनुपस्थिति में सुनकर निर्णय कर दिया जावेगा ।

यह आज दिनांक 22/1/26 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी गया हैं ।

**रीडर**
**उपखण्ड अधिकारी**
**चूरू (राजस्थान)**



**कार्यालयः- सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**

Email-, msdbhchuru@gmail.com Phone: 01562-250333
क्रमांकः- लेखा/निविदा/2025 / 3750 दिनांकः- 19,1.26

**निविदा आमंत्रण सूचना**

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय / वार्षिक दर संविदा / अनुबन्ध किये जाने हेतु इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं/अधिकृत फर्मो / डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दरें आमंत्रित की जाती है। बोली संबंधी विस्तृत विवरण एवं शर्ते वैवसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | निविदा सामग्री का विवरण | अनुमानित राशि | प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | UBN No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शौचालय से सैफ्टी टैंक तक सीवरेज पाईप, सीवरेज नाले एवं ड्रेनेज नालों एवं अवरुद्ध नालों के ब्लॉकेज खोलने हेतु | 4.80 लाख | 28-01-26 | MHS2526SSOB 06026 |

DIPR/C/1211/2026

**सदस्य श्चिव (RMRS)**
**राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**



**कार्यालय अतिरिक्त परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा, चूरू**

क्रमांक :- अतिजिपस / समसा / चूरू / निविदा / 2026 दिनांक :- 15.01.2025

**Notice Inviting Bid**

Bids of Civil work at Various School in Churu District are invited from interested bidders upto 12.00 pm 28-01-2026 Other Particulars of the bid May be visited on the Procurement portal (http//eproc.rajasthan.gov.in, http// sppp. raj. nic. in) of the state.
UBN-RSE2526WSOB06469


DIPR/C/1199/2026

**ADPC**
**SMSA, CHURU**


# टाडा गांव में सात दिवसीय भागवत कथा शुरू

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम टाडां स्थित विश्वकर्मा सेवा भवन में शुक्रवार को सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत ठाकुरजी मंदिर से भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं। कलश यात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई कथा स्थल विश्वकर्मा सेवा भवन पहुंची। कथा प्रारंभ से पूर्व कथा यजमान धनराज जांगिड़ ने सपत्नीक विधिवत श्रीमद् भागवत पुराण व व्यास पीठ की पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात कथा वाचक महंत स्वामी कानपुरी महाराज का साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। प्रथम दिवस कथा वाचक संत कानपुरी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के महात्म्य पर प्रवचन करते हुए कहा कि भागवत कथा मानव जीवन को सद्मार्ग पर ले जाने का माध्यम है। कथा के श्रवण से मन की शुद्धि होती है और भक्ति, ज्ञान व वैराग्य का भाव जागृत होता है। उन्होंने कहा कि कलियुग में श्रीमद्भागवत कथा ही ऐसा दिव्य साधन है, जिससे



व्यक्ति मोक्ष के मार्ग की ओर अग्रसर होता है। कथा के दौरान संगीतज्ञ शिवशंकर पारीक ने संगीतमय प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर गिरधारीलाल जांगिड़, ओंकारमल, श्यामलाल जांगिड़, भागीरथ जांगिड़, पृथ्वीसिंह, किसनदास स्वामी, श्रवण स्वामी, युवराज सिंह, दीनदयाल, भैरूसिंह, महंत जेठूसिंह सहित अनेक ग्रामीण व श्रद्धालु महिलाएं उपस्थित रहे।

## नुक्कड़ सभा में दी सीवरेज परियोजना कार्य की जानकारी

**रतनगढ़(निस)।** आरयूआइडीपी की ओर से जन सहभागिता इकाई की ओर से वार्ड नं. 43 में जुम्मे की नमाज़ के बाद मदीना मस्जिद के पास नुक्कड़ सभा आयोजित की गई। सभा में प्रवीण सिंह राठौड़ ने बताया कि वार्डों में सीवरेज लाईन डलने का कार्य पूर्ण हो गया। अब अगले चरण में घरेलू सीवरेज कनेक्शन का कार्य होगा। ये कनेक्शन आरयूआइडीपी की ओर से निःशुल्क किए जा रहे हैं। बताया गया कि परियोजना कार्य मे गुणवत्ता पुर्वक हो इसके लिए घर का मुख्य व्यक्ति ध्यान देकर कार्य कराने मे अपनी पूरी पूरी भागीदारी सुनिश्चित करे। घर के अलावा सड़क पर भी कार्य के दौरान कोई कमी हो तो सही करवाए। किसी प्रकार की समस्या हो तो सम्बंधित व्यक्ति से सम्पर्क कर कार्य पूर्ण करवाए। बताया गया कि कोई भी सरकारी परियोजना हो उसमें अगर जन भागीदारी होगी तो कार्य गुणवत्तापूर्वक होगा। सभा के दौरान बताया गया कि कनेक्शन में शौचालय, रसोई, व स्नानघर जोड़ा जाएगा।

# कथा में सजाई कृष्ण-रुक्मणी विवाह की झांकी

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** शिव कॉलोनी स्थित चमत्कारी गोगामेड़ी में चल रही भागवत कथा के छठें दिन कथावाचक पवन प्रसाद शास्त्री ने कथा में रुक्मणी-श्रीकृष्ण विवाह का प्रसंग सुनाया। शुक्रवार को कथा में मुख्य यजमान श्रीकांत शर्मा व पत्नी ममता ने पूजा अर्चना की। कथा में श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह की सजीव झांकी सजाई गई। कथावाचक ने कहा कि रुक्मणी के भाई रुक्मी ने शिशुपाल से विवाह तय कर दिया, जिसके बाद श्रीकृष्ण ने उनका हरण कर लिया और द्वारका में विधिपूर्वक विवाह किया, जो रुक्मणी और श्रीकृष्ण के मिलन का प्रतीक है। यह प्रसंग आदर्श प्रेम, निष्ठा और भक्ति का प्रतीक है, जो आत्मा और परमात्मा के मिलन को दर्शाता है। यह सच्ची भक्ति और दृढ़ संकल्प से बाधाओं को पार करने की प्रेरणा देता है। कथा के दौरान महिलाओं व पुरुषों ने आरती में भाग लिया। इस अवसर पर सूरज भगवान शर्मा, सुरेश भार्गव, भगत पवन कुमार सैनी, शिवराज सिंह, गौरी शर्मा, शेखर गुर्जर, शक्ति सिंह, सुनीता सैनी, जिसिका शर्मा, पन्नालाल सैनी, राजू सहित बड़ी संख्या में अनेक महिला-पुरुष उपस्थित रहे।



# सुभाष चंद्र बोस जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में नगरपालिका की ओर से वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सुभाष चंद्र बोस जयंती पर नगरपालिका की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगरपालिका कर्मचारी आकाश के नेतृत्व में राजकीय विधालय के छात्रों रैली निकाली गई। सुभाष चौक बस स्टेण्ड पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस को माल्यार्पण किया गया। एसबीएम दिलीप सोलंकी ने बताया कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने व सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर नगर पालिका राजलदेसर अधिशाषी अधिकारी कुंदन देथा के आदेशानुसार विधालय के छात्रों ने रैली निकाली। स्थानीय सुभाष चौक बस स्टेण्ड पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को माला पहनाई गई। कार्यक्रम में भाजपा मण्डल अध्यक्ष विष्णु भगवान प्रजापत सहित नगरपालिका के अधिकारियों- कर्मचारियों ने गांधी चौक बस स्टैण्ड पर स्थित सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रगीत-राष्ट्रगान का वंदन किया। शहीद स्मारक की साफ-सफाई कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। भारत माता की जय वंदे मातरम के नारों के साथ माहौल गुंजायमान हो उठा। राजकीय विद्यालय के छात्रों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।




**कार्यालय ग्राम पंचायत जैतासर**
**पंचायत समिति सरदारशहर**

क्रमांकः- 76-77 दिनांक 22.01.2026

**निविदा सूचना 2025-26**

ग्राम पंचायत में वितीय वर्ष 2025-26 में राज्य वित आयोग षष्ठम योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य के लिए इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक / फर्म / डिलर से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है । उक्त निविदा की सूचना https//sppp.rajasthan.gov.in पर देख एवं डाउनलोड़ कर प्राप्त की जा सकती है।

UBN- PDN2526GSOB00331

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्रा.प. जैतासर**

**प्रशासक**
**ग्रा.प. जैतासर**



**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT SALASAR**
**P.S. SUJANGARH (CHURU)**

क्रमांक :- ग्रा.प./सा./2025/22-23 दिनांक-22.1.2026

**Notice Inviting Bid**

Bids for open tender of Gram Panchayat SALASAR Panchayat Samiti SUJANGARH (CHURU) a construction work "RS 14.99lac" is invited from eligible interested bidders for upto 6:00 PM of 02/02/2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in and www.eproc.rajasthan.gov.in of state and at Gram Panchayat SALASAR office in all working days.

NIB No. :ZCR2526A1381
UBN No. :ZCR2526WSOB02376

**VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER**
**GRAM PANCHAYAT SALASAR**
**PNGHAYAT SAMITI SUJANGARH**

**SARPANCH**
**GRAM PANCHAYAT SALASAR**
**PNGHAYAT SAMITI SUJANGARH**

# पुस्तकों का उपहार देना बेहतरीन यादगारः डॉ. सहारण

## मोहनसिंह मील की स्मृति में प्रयास पुस्तक उपहार कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय राजकीय जिला पुस्तकालय में प्रयास संस्थान की पुस्तक उपहार योजना के अंतर्गत शुक्रवार को मोहनसिंह मील की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. दुलाराम सहारण ने कहा कि शिक्षा के विस्तार व समाज के स्वस्थ स्वरूप की कल्पना में ताउम्र संलग्न रहे व्यक्ति की स्मृति में पुस्तकें उपहार में देना बेहतरीन यादगार होती हैं। कार्यक्रम में पुस्तकें पाठकों तक व लेखकों के हाथ में लागत सोच के साथ दिवंगत मोहन सिंह मील की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके पुत्र विकास मील के आर्थिक सौजन्य से चूरू अंचल के पांच लेखक सुधींद्र शर्मा सुधी, कमल शर्मा, आशीष गौतम आशु, गीता रावत व मंगल व्यास भारती की किताबें क्रय कर जिला पुस्तकालय को उपहार में दी गई। पुस्तकें पुस्तकालय अध्यक्ष राधेश्याम कस्वां ने ग्रहण की। इस अवसर पर मील परिवार के विकास मील, कनिष्का मील, सार्थक चौधरी ने क्रय की गई। किताबों का मूल्य लेखकों को भेंट किया। पुस्तकालय परामर्शदाता प्रमिला ने आभार व्यक्त किया।



## ताली संकीर्तनः भक्तों ने ठाकुर जी के गुणगान में लगाई डुबकी



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के राधाकृष्ण मन्दिर के पुजारी पंडित सत्यनारायण बोचीवाल की 50 वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर श्याम भक्तों की ओर से संकीर्तन माहेश्वरी मंदिर में रखा गया। इस अवसर पर ललित लखोटिया, देवीप्रसाद मिमानी सहित बोचीवाल परिवार माहेश्वरी समाज, महिला मण्डल खांडल मन्दिर, श्याम मंदिर आदि के भक्तों ने बोचीवाल दंपति का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में राधा माटोलिया, छत्रमोहन स्वामी, ललित लखोटिया, बनवारी रोड़ा, श्यामलाल बशीर, सुदेश राव, राजकरण जांगिड़, गंगाधर डीडवानिया, नवीन राव सहित कलाकारों ने ठाकुर की सेवा में सुन्दर भजनो की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर कीर्तन में गजानंद मिमानी, प्रकाश सुरेखा, सुमित सोमानी, राजकुमार खटोड़, नवरत्न कांटा, संदीप जोशी, प्रसन्न धुत, नरेश करनानी, दीनदयाल लाटा, शंकरलाल पेड़ीवाल, राजेश दर्जी, ध्रुव लीला, मुन्नालाल स्वामी, आकाश राव सहित बड़ी संख्या में इष्ट मित्रो ने पंडित को बधाईयां दी।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा स्थित सुभाष चौक में शुक्रवार को नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती धूमधाम से मनाई। इस मौके पर मुख्य वक्ता विजय कुमार देवड़ा ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत के एक महान क्रांतिकारी थे। उन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना की थी और देश की आजादी में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आरम्भ में विजय कुमार देवडा, भामाशाह मनोज भादुपोता, बाबूलाल टेलर, मनोज प्रजापति, मधु स्वामी, सतार सब्ज़ीफ़रोश, सुनील मील, हरि सिंह नारुका श्रवण सैनी आदि ने नेताजी की प्रतिमा पर माला पहना कर व पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजलि दी।

## हनुमान पूजा के साथ 40 दिवसीय फागोत्सव का आगाज



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** यूं तो शेखावाटी की लोककला का ऐतिहासिक आयोजन मौके बे मौके देश प्रदेश व अंतराष्ट्रीय स्तर पर होते आए है तथा एक से बढ़कर एक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन कर दर्शकों की वाहवाही लूटते हैं और कार्यक्रम की शमां ऐसी बांधते हैं कि देखने वाले हर शख्स के कदम थिरकते नजर आते हैं। कुछ इसी तरह का एक विशिष्ट आयोजन हर वर्ष की भांति बसंत पंचमी शुरू होने वाले 40 दिवसीय कार्यक्रमो का शुक्रवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। इस आयोजन में शेखावाटी अंचल की सुप्रसिद्ध लोककला ढप नृत्य का जिसमें फागणिया, धमाल, ढप, बांसुरी की धुन पर थिरकेगे रंग रसिये। वैसे तो फाल्गुन के महिने काफी स्थानों पर कलाकार अपनी प्रस्तुति देते हैं बहुत से कलाकार सुदूर प्रदेशों में जाकर भी अपनी कला का शानदार नमूना पेश करते हैं। मंडावा की विश्व स्तर पर एक अनूठी पहचान रखने वाली कला ओर संस्कृति का समावेश देश विदेश के लोग लुफ्त उठाते हैं। बसंत पंचमी से सर्व हितैषी व्यायाम शाला के तत्वाधान में शुरू होने वाले 40 दिवसीय कार्यक्रमो का आज विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में सर्व हितैषी व्यायाम शाला के तत्वाधान में सैकड़ों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा का निर्वहन करते हुए संस्था के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने इस आयोजन का विधिवत पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वहितेषी व्यायाम शाला के पुजारी दयाराम भाटिवाड़ा व पंडित शंकर मिश्रा के सानिध्य में भामाशाह रामस्वरूप देवड़ा , पूर्व पालिका अध्यक्ष सज्जन लाल मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष नरेश सोनी, बाल भाटीवाड़ा ने धर्म ध्वज ओर बालाजी की पूजा कर धर्म ध्वज की स्थापना की। कार्यक्रमों के तहत प्रतिदिन अखाड़े में ढोल ताशे बजाकर युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ना ओर सैकड़ों वर्षों से चली आ रही परंपराओं का निर्वहन करना है।

## धौलपुर में बदला मौसमः ठंडी हवा चलने से बढ़ी सर्दी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में शुक्रवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ली। तेज धूप के बाद अब आसमान में काले बादल छा गए हैं, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। जिले में बारिश की संभावना बनी हुई है। धौलपुर और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही काले बादल छाए हुए हैं। बादलों के कारण धूप नहीं निकली, जिससे दिन के तापमान में कमी आई। हल्की ठंडी हवा चलने से एक बार फिर सर्दी का एहसास होने लगा है। गौरतलब है कि मौसम विभाग ने जिले में बारिश और मौसम परिवर्तन को लेकर पहले ही अलर्ट जारी किया था। विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बादल छाने और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई थी। शुक्रवार सुबह से बने हालात मौसम विभाग की इस चेतावनी की पुष्टि करते हैं। मौसम में आए इस बदलाव का असर जनजीवन पर भी दिख रहा है। सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों और काम पर निकलने वाले लोगों को हल्की ठंड का सामना करना पड़ा। किसानों की नजर भी मौसम पर बनी हुई है, क्योंकि यह बारिश फसलों के लिए लाभकारी या नुकसानदायक दोनों हो सकती है। जिले में फिलहाल बारिश के आसार बने हुए हैं।

# नवभारत साक्षरता कार्यक्रमः पाटन में जिंगल रथ यात्रा को दिखाई हरी झंडी

## छह ग्राम पंचायतों में चला जागरूकता अभियान

जयपुर टाइम्स



**पाटन(निस)।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत साक्षरता व सतत शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार साक्षरता के प्रति जनजागरण व अनुकूल वातावरण निर्माण के उद्देश्य से गुरुवार को पाटन ब्लॉक में साक्षरता जिंगल रथ यात्रा का शुभारंभ किया गया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भंवर सिंह डुकिया के निर्देशन में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ताराचंद एवं महेश मीणा और ब्लॉक साक्षरता समन्वयक शिम्भु दयाल स्वामी ने जिंगल रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जिंगल रथ यात्रा ब्लॉक की छह ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर व्यक्तियों को भारत सरकार की ओर से प्रायोजित नवभारत साक्षरता कार्यक्रम से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। अभियान के माध्यम से डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, क्रिटिकल साक्षरता व रोजगार कौशल जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत डोकन में प्रिंसिपल विजय कुमार, न्योराणा में निर्मला देवी, पाटन में शेरसिंह यादव, राजपुरा में उदयसिंह मीणा, धांधेला में महेश कुमार खुडानिया और रायपुर में ओमप्रकाश गुर्जर व ओमप्रकाश चौधरी ने साक्षरता संदेश वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिंगल रथ ने ग्रामों, मोहल्लों, चौपालों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर भ्रमण कर शिक्षकों, विद्यार्थियों, आमजन व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से साक्षरता का संदेश प्रसारित किया। इस अवसर पर महिपाल सिंह कस्वां, हरिनारायण सैनी, यादराम यादव, शिवराम, लालचंद यादव, अशोक कुमार शर्मा, श्रीचंद सैनी, सुमन यादव, प्रमोद कुमार रांगेरा, महेश राव, सांवत राम योगी, सुरेंद्र कुमार वर्मा, मदनलाल वर्मा, रामपाल सैनी, लेखराज, राजेंद्र धोलीवाल, अनिल कुमार यादव सहित अनेक सर्वेयर शिक्षक, साक्षरता प्रभारी, कार्मिक व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मतदाता दिवस को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में ईएलसी के तत्वावधान में प्री-एनवीडी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के पूर्व विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान शपथ, हस्ताक्षर अभियान, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व व्याख्यान आयोजित किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी सहायक आचार्या सुमन ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ कविता शर्मा ने की। इस अवसर पर डॉ लालचंद जी मीणा ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व व लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं सह आचार्य शेर सिंह ने विद्यार्थियों को जागरूक, जिम्मेदार व सक्रिय मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ प्रभाकर दीक्षित का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉ सुनीता मीणा, डॉ गजानन शर्मा, भवानी शंकर, मुकेश कुमार, महेश कुमार, डॉ अलका जांगिड़, लता गुर्जर, जयरतत्न व सुनीता गोदारा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# ग्रामीण बस स्टैंड व जसनाथ मार्केट में नवनिर्मित का चौक लोकार्पण

## पूर्व मंत्री रिणवां व सभापति का व्यापारियों ने किया स्वागत

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के रेलवे स्टेशन के पास ग्रामीण बस स्टैंड व जसनाथ मार्केट में नगरपरिषद की ओर से नवनिर्मित चौक और स्ट्रीट लाइटों का लोकार्पण पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां व नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी और पार्षदों ने किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां व नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी और पार्षदों का स्थानीय व्यापारियों ने साफा पहनाकर, माला पहनाकर और मोमेंटो देकर स्वागत किया। व्यापारियों ने पूर्व मंत्री रिणवां व सभापति चौधरी को लड्डुओं से तोला।स्थानीय व्यापारियों ने कहा कि पहले यहां पर पक्का का निर्माण नहीं होने के कारण हर समय गंदगी रहती थी और बारिश के समय में हालात और भी खराब हो जाते थे। नगरपरिषद की ओर से अब यहां पर दोनों चौक में पक्का निर्माण करवा दिया गया है। जिसे यहां पर आने वाले लोगों और व्यापारियों को काफी राहत मिलेगी। इस अवसर पर नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी ने कहा कि करीब 3 महीने पहले व्यापारियों की ओर से यहां की समस्या से अवगत करवाया गया था। तुरंत इस कार्य की निविदा जारी की गई और अब यहां पर पक्का निर्माण करवा दिया गया है और दो स्ट्रीट लाइट भी लगवा दी गई है। जिससे रात्रि के समय में भी किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी। इस अवसर पर पार्षद रामावतार जांगिड़, दीपक बेद, मदन ओझा, राजूनाथ सिद्ध, भाजपा नेता मुरलीधर सैनी, अजय भाटी, हनुमानराम, डॉ मुलायम सिंह राजवी, मोहनलाल बाना सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि और व्यापारी उपस्थित रहे।

## किसान जन जागृति यात्रा, एसडीएम कार्यालय पर होगा प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील में भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में हर खेत को नहर का पानी, हर खेत को रास्ता सहित आठ मांगों को लेकर किसान जन जागृति रथ यात्रा तहसील की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंची। यात्रा में प्रान्त मन्त्री श्रीचन्द सिद्ध, यात्रा प्रभारी सम्भाग सह मन्त्री शंकरलाल महर्षि, सम्भाग कार्यकारिणी सदस्य मामराज तरड, तहसील मन्त्री राजेन्द्र पारीक के नेतृत्व ग्राम पंचायत मेहरासर चाचेरा, राणासर पंवारान, देराजसर, उदासर बिदावतान, काकलासर, खींवणसर, जयसंगसर, हरपालसर से होते हुए पंचायत पुलासर में ग्राम इकाइयों का गठन किया गया। इस अवसर पर श्रीचन्द सिद्ध ने कहा कि किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ 28 जनवरी को रैली निकालकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा। रैली में हजारों की संख्यां मे सम्पूर्ण तहसील से 60 ग्राम पंचायतों के किसान शामिल होंगे।

## सराहनीय पहलः परंपरा टूटी, समाज जीताः उपाध्याय परिवार ने त्यागा मृत्यु भोज-ओढ़ावनी की कुरीति

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** समाज में वर्षों से चली आ रही कुरीतियों को समाप्त करने की दिशा में गांव घांघू के उपाध्याय परिवार ने एक अनुकरणीय और प्रेरणादायक कदम उठाया है। परिवार ने सर्वसम्मति से मृत्यु भोज व ओढ़ावनी जैसी परंपराओं को पूर्णतः बंद करने का निर्णय लिया है। इस साहसिक फैसले की समाज के सभी वर्गों में खुलकर सराहना की जा रही है। पूर्व सरपंच जयप्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके बड़े भाई बनवारी लाल शर्मा की धर्मपत्नी संतोष शर्मा का 13 जनवरी को निधन हो गया था। इस दुखद घड़ी में परिवार ने सामाजिक दबावों को दरकिनार करते हुए यह संकल्प लिया कि भविष्य में उपाध्याय परिवार में किसी भी प्रकार का मृत्यु भोज आयोजित नहीं किया जाएगा। परिवार का मानना है कि मृत्यु भोज शोक की अवस्था में आर्थिक बोझ और अनावश्यक सामाजिक दबाव उत्पन्न करता है, जिससे पीड़ित परिवार की पीड़ा और बढ़ जाती है। ऐसी परंपराओं को त्यागकर ही समाज को मानवीय, संवेदनशील और प्रगतिशील बनाया जा सकता है। समाज में बना प्रेरणा का केंद्र इस निर्णय की सराहना करते हुए गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष जे.पी. जाजड़ा ने कहा कि समाज के सक्षम और जागरूक परिवारों को आगे आकर ऐसी कुरीतियों के विरुद्ध उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। इससे अन्य परिवारों को भी प्रेरणा मिलेगी और समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा।

उन्होंने बताया कि चूरू के गुर्जर गौड़ समाज में ओढ़ावनी की प्रथा कई वर्षों से बंद है, जो सामाजिक सुधार का सशक्त उदाहरण है। उपाध्याय परिवार की ओर से लिया गया यह निर्णय समाज सुधार की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा। इस अवसर पर बनवारीलाल उपाध्याय, सुरेश कुमार उपाध्याय, राधेश्याम उपाध्याय, जयप्रकाश उपाध्याय, तपेश उपाध्याय, राजकुमार सिवाल सहित रमेश कुमार जोशी (रतनगढ़) व समाज के अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में इस पहल को सामाजिक चेतना का प्रतीक बताया।

## सडक़ को लेकर भाजपा नेता ने एडीएम को अवगत कराया

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भाजपा के पूर्व मंडल मंत्री राजकुमार तंवर ने एडीएम को ज्ञापन प्रेषित कर वार्ड नं. पांच में निर्मित सडक़ की शिकायत की है। राजकुमार तंवर ने शिकायत में बताया कि वार्ड नं. पांच में विधायक कोटे से लालचंद माली के घर से कालूराम जांगिड़ के घर तक सीसी रोड़ स्वीकृत हुई थी। जिसका निर्माण ठेकेदार ने जेईएन से सांठ गांठ कर अपनी मनमर्जी कालूराम के घर से शुरू कर ईशरजी खाती के घर तक बनाई है और शेष सडक़ का निर्माण अभी तक नहीं हुआ है।

## डोटासरा ने पत्रकार कुमावत के दादा के निधन पर जताया शोक



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजस्थान के अध्यक्ष व लक्ष्मणगढ़ विधायक गोविंद सिंह डोटासरा ने शुक्रवार को पत्रकार मुकेश कुमावत के दादा गिरधारीलाल कुमावत के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की। डोटासरा कुमावत के निज निवास पहुंचे, जहां उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।डोटासरा ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति व परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर निवर्तमान पालिका अध्यक्ष हाजी मुस्तफा कुरैशी, वरिष्ठ पार्षद पवन शर्मा, पूर्व पार्षद सुभाष पारीक, ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष फूलचंद कुमावत सहित जनप्रतिनिधि व प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

### श्याम निशान पूजन व भव्य निशान यात्रा धूमधाम से निकाली

# मण्डावा में भक्ति, श्रद्धा और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगमः निशान यात्रा में उमड़ा सैलाब

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** नगर शुक्रवार को खाटू श्याम बाबा की भक्ति-रसधारा में पूरी तरह डूबा नजर आया। मण्डावा स्थित सुभाष चन्द्र हेमाणी भवन से कलयुग के देवता बाबा खाटू श्याम के शीश के दानी की निशान पूजन व भव्य निशान यात्रा धूमधाम से निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु श्रद्धा और उल्लास के साथ झूमते नजर आए।

निशान यात्रा में पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी हाथों में बाबा की निशान पताका लेकर नृत्य करती हुई चल रही थीं। यात्रा में भगवान गणेश एवं बाबा खाटू नरेश की आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। पूरे नगर में भक्ति संगीत, जयकारों और रंग-बिरंगी पताकाओं से माहौल भक्तिमय हो गया।बाबा खाटू श्याम भक्त महिला मंडल की संयोजक उमा हेमाणी के नेतृत्व में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई गई। इस अवसर पर सैकड़ों महिला-भक्तों ने अपने हाथों पर बाबा के नाम की मेहंदी लगवाई। शुक्रवार को हवन-यज्ञ के पश्चात निशान यात्रा का शुभारंभ बाबा की झांकी की पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

### नगर भ्रमण के बाद श्री श्याम मंदिर में हुई संपन्न

निशान यात्रा हेमाणी सदन से प्रारंभ होकर सुभाष चौक, मुख्य बाजार होते हुए फतेहपुर मार्ग स्थित श्री श्याम मंदिर पर संपन्न हुई। यात्रा में करीब 251 महिलाएं विशेष रूप से शामिल रहीं। डीजे साउंड पर बजते भजनों के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते आगे बढ़ते रहे।

जगह-जगह हुआ स्वागत नगरवासियों ने यात्रा मार्ग पर जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। यात्रा के दौरान समाजसेवी बाबा भक्त मार्ग को साफ-सुथरा रखते हुए चल रहे थे, जिससे अनुशासन और सेवा भावना का सुंदर संदेश गया।

ये रहे प्रमुख सहभागी

यात्रा व्यवस्था में सरोज सिंघानिया, सरोज तुनवाल, दिव्या अग्रवाल, संगीता टेलर, मंजू सैनी, संजू, विद्या चेजारा, सुलोचना जागिड़, रेखा, सोनम, इन्दू, मीनू गुप्ता, पवन सैन, रजत, सोनू, रवि, मोहित, विनीत, नितिन, मोहन, शशांक सहित अनेक महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।